*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
16 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 58
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ब्रिटेन में भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी की याचिका खारिज, भारत प्रत्यर्पित किये जाने का रास्ता साफ







SAMFORD
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
Mother & Child Care Centre

स्वास्थ्य, सेवा, सफलता के शानदार

4 वर्ष

हमें खुशी है कि आपने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं हेतु चुना

4 वर्षों में 46000 मरीजों का सफल इलाज

| | | |
|---|---|---|
| • न्युरो सर्जरी | : | 780 |
| • एंडोस्कोपी अल्ट्रासाउंड | : | 800 |
| • कैप्सूल एंडोस्कोपी | : | 933 |
| • एंडोस्कोपी | : | 6300 |
| • डायलिसिस | : | 21000 |
| • एंजियोप्लास्टी | : | 900 |
| • पेसमेकर | : | 788 |
| • ईआरसीपी | : | 4283 |
| • हिप रिप्लेसमेंट एवं घुटना रिप्लेसमेंट | : | 1050 |
| • ट्रामा सर्जरी | : | 1100 |
| • नवजात शिशुओं का सफल इलाज | : | 2200 |
| • पीडियाट्रिक सर्जरी | : | 698 |
| • सिजेरियन | : | 5200 |

ICU केअर में 25000 मरीजों का सफल इलाज

24x7
आपकी सेवा में तत्पर

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें

H.B. Road, Kokar Chowk, Ranchi
www.samfordhospital.com
8877188771, 7360080012 / 40 / 41
samfordhospital
1800 12340000 | 0651 7111888
info@samfordhospital.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 70,000 रु./प्रति किलो |



# जंबो कमेटी का बोझ ढोने में निकल न जाये झारखंड कांग्रेस का दम!

## छह साल बाद बनी प्रदेश कमेटी में विरोधाभासों की भरमार : 35 महासचिव और 82 सचिव में अधिकांश की कोई पहचान नहीं

आजाद सिपाही विशेष

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की झारखंड प्रदेश इकाई इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। झारखंड की सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार कांग्रेस की चर्चा किसी सकारात्मक कारण से नहीं, बल्कि छह साल बाद इसकी प्रदेश कमिटी के गठन के कारण हो रही है। पूरे छह साल बाद बनायी गयी इस प्रदेश कमेटी का आकार इतना विशाल है कि कांग्रेसियों के बीच ही बात होने लगी है कि इतना विशाल बोझ उठाने में पार्टी की प्रदेश इकाई का कहीं दम ही न निकल जाये। इतना ही नहीं, प्रदेश कमेटी के 35 महासचिवों और 82 सचिवों में अधिकांश ऐसे चेहरे भी शामिल हैं, जिनकी झारखंड स्तर पर तो छोड़िए, मुहल्ले स्तर पर भी पहचान नहीं है। इसलिए इस कमेटी के गठन के साथ ही इसका विरोध भी शुरू हो गया है। यह विरोध इतना बढ़ गया है कि प्रदेश अध्यक्ष तक के साथ धक्का-मुक्की हो रही है। उनके नेतृत्व में कुछ लोग कमेटी में रहने से इनकार कर रहे हैं। मंत्री आलमगीर आलम तक के पुतले जलाये जा रहे हैं। पहले जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर विवाद हुआ था और अब जंबो प्रदेश कमेटी पर विवाद से पार्टी का जितना नुकसान हो रहा है, उसका अंदाजा भी इसके नेताओं को नहीं है। हालत यह है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड में पार्टी को जो शानदार सफलता हासिल हुई थी, वह भी खतरे में दिखाई देने लगी है। उस चुनाव में ऐतिहासिक कामयाबी पाने के बाद कांग्रेस के भीतर जिस आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ था, अभी उसमें बहुत कमी आयी है और यह बात साफ तौर पर देखी जा रही है। झारखंड कांग्रेस की इसी दुविधा की स्थिति का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

करीब तीन साल पहले बोकारो के कद्दावर नेता साधु शरण गोप ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। पांच दिन पहले गठित झारखंड कांग्रेस कमिटी में उन्हें सचिव बनाया गया था। लेकिन इसकी अधिसूचना जारी होने के कुछ ही देर बाद उन्होंने यह कहते हुए सचिव पद से इस्तीफा दे दिया कि यह उनकी तौहीन है। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा कि वह बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 781 वोट लाने वाले जिला अध्यक्ष और 1116 वोट लाने वाले प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में काम नहीं कर सकते। इसलिए वह प्रदेश सचिव पद से इस्तीफा दे रहे हैं। साधु शरण गोप का इस्तीफानामा झारखंड कांग्रेस की अंदरूनी हालत की एक बानगी भर है। इस कमेटी में ऐसे चेहरों की भरमार है, जिनकी पहचान प्रदेश स्तर पर क्या, मुहल्ले स्तर पर भी नहीं है और विरोध इसी बात का हो रहा है। कांग्रेस के एक और नेता से इस संवाददाता की गुरुवार को बातचीत हो रही थी। वह किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। खुद की पकड़ इतनी है झारखंड के कोने-कोने के लोग उन्हें पहचानते हैं। उन्हें नयी कमेटी में महासचिव बनाया गया है। इस संवाददाता ने उन्हें बधाई देने के इरादे से फोन किया। उधर से आवाज आयी, क्या भाई, क्यों मजाक बना रहे हैं। क्यों, महासचिव बनने से खुश नहीं हैं। बोले-क्या महासचिव बनना। ऐसे-ऐसे लोगों को महासचिव बना दिया गया है, जिनके बीच खड़ा होने में घुटन होगी। अच्छा होता, हमें महासचिव नहीं बनाया जाता। ऐसे भी, अगर कभी मुख्यालय में कांग्रेसजनों की बैठक बुला दी गयी और उसमें 35 महासचिव पहुंच गये, तो वे बैठेंगे कहां। इससे समझा जा सकता है कि इस जंबो कमेटी लेकर लोगों की क्या धारणा है।

दरअसल झारखंड कांग्रेस में छह साल के बाद प्रदेश कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी का आकार इतना बड़ा है कि कांग्रेसी ही दुविधा में पड़ गये हैं। झारखंड कांग्रेस में 11 उपाध्यक्ष के अलावा 35 महासचिव और 82 सचिव बनाये गये हैं। इसके अलावा प्रदेश कार्यसमिति में 33 नेताओं को स्थान दिया गया है। तीन दर्जन अन्य लोगों को आमंत्रित सदस्य के रूप में कार्यसमिति में स्थान दिया गया है। झारखंड कांग्रेस में पहली बार राजनीतिक मामलों की समिति का भी गठन किया गया है।

### छह साल पहले बनी थी कमेटी

बता दें कि झारखंड कांग्रेस में करीब छह साल बाद प्रदेश कमेटी का गठन किया गया है। इससे पहले 2016 में प्रदेश कमेटी का गठन किया गया था। तब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत थे, मगर साल भर के अंदर ही नवंबर 2017 में इस कमेटी को भंग कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस के अध्यक्ष भी बदले। पहले डॉ अजय कुमार और फिर डॉ रामेश्वर उरांव प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रहे, मगर वे दोनों अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश कमेटी का गठन नहीं कर पाये। अब जब प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर हैं, तो उनके नेतृत्व में प्रदेश कमेटी, कार्यकारिणी और पहली बार राजनीतिक मामलों की कमेटी का गठन किया गया है।



### प्रदेश कमेटी गठन का मुख्य उद्देश्य

कांग्रेस की प्रदेश कमेटी के गठन का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरना है। इस कार्यकारिणी और राजनीतिक मामलों की कमेटी में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ आम कार्यकर्ताओं को भी जगह दी गयी है। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ेगा और साथ ही वे संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे।

### पार्टी के अंदर विरोध भी शुरू

प्रदेश कमेटी के गठन के बाद कांग्रेस को उम्मीद थी कि इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ेगा और पार्टी को नयी मजबूती मिलेगी। मगर इसके उलट पार्टी के अंदर बगावत शुरू हो गयी है। साधु शरण गोप के बाद कई ऐसे पदधारी भी कतार में हैं, जो इस्तीफा देने का मन बना रहे हैं। इन सभी की तकलीफ एक ही है। इतना ही नहीं, ये सभी एक ही श्रेणी के कांग्रेसी हैं, जिनके बल पर पार्टी खड़ी रहती है, यानी ये सभी समर्पित कांग्रेसी हैं। इनका कहना है कि चाहे महासचिव हों या सचिव, ऐसे-ऐसे चेहरों को इन पदों पर नियुक्त किया गया है, जिन्हें आम कांग्रेसी पहचानता भी नहीं है। एक पुराने कांग्रेसी ने तो सवाल उठाया कि यदि पार्टी के किसी कार्यक्रम में तमाम महासचिवों और सचिवों को मंच पर जगह देनी हो, तो उस मंच का आकार कितना बड़ा होगा, इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, कुछ पुराने कांग्रेसियों ने तो यहां तक कहा कि वे ऐसे महासचिव या सचिव के साथ काम करने में भी शर्मिंदगी महसूस करते हैं, जिनकी अपने ही इलाके में कोई पहचान नहीं है। इसके अलावा एक विरोध यह भी है कि पार्टी के कई कार्यकर्ता ऐसे हैं, जो सालों से पार्टी से जुड़े हुए हैं, लेकिन उन्हें प्रदेश कमेटी में कोई स्थान नहीं मिला है। वहीं एक नेता को कई जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

### चार मंत्री और दो विधायकों को मिली जगह

कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी और राजनीतिक मामलों की कमेटी में कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों के अलावा सिर्फ दो विधायकों को जगह मिली है। प्रदीप यादव और दीपिका पांडेय सिंह विधायक हैं, जिन्हें इस कमेटी में जगह मिली है। इसके अलावा मंत्री आलमगीर आलम, डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख को कमेटी में शामिल किया गया है। इन चारों मंत्रियों और दोनों विधायकों को प्रदेश कार्यकारिणी और राजनीतिक मामलों की कमेटी में भी शामिल किया गया है, लेकिन और किसी भी विधायक को इस कमेटी में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा कांग्रेस में चार महिला विधायक हैं, लेकिन सिर्फ एक ही महिला विधायक को इस कमेटी में जगह मिली है। और वह भी शायद इसलिए कि वह राष्ट्रीय सचिव हैं। मंत्री और विधायक के अलावा और भी कई ऐसे नेता हैं, जिन्हें इस कमेटी में जगह नहीं मिली है। उनकी तरफ से विरोध भी शुरू हो चुका है।

### प्रदेश अध्यक्ष के साथ धक्का-मुक्की

प्रदेश कमेटी के प्रति विरोध इतना बढ़ गया कि 14 दिसंबर को जामताड़ा में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को कार्यकर्ताओं ने धक्का तक दे दिया। इतना ही नहीं, उनकी जेब भी काट ली गयी। अब तक कांग्रेसियों के दो गुट आपस में लड़ते-भिड़ते थे, लेकिन अब तो सीधे प्रदेश अध्यक्ष को भी निशाना बनाया जा रहा है। यह बेहद दुखद स्थिति है।

### जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर भी हुआ था विवाद

प्रदेश कमेटी के गठन से ठीक पहले झारखंड के 24 जिलों के कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर भी विवाद हुआ था। उस सूची में न कोई मुस्लिम था और न कोई दलित। विरोध के दौरान यहां तक कहा गया कि प्रदेश प्रभारी कांग्रेस का 'भगवाकरण' कर रहे हैं। तब प्रदेश अध्यक्ष ने बड़ी मुश्किल से डैमेज कंट्रोल किया था और चार जिला अध्यक्षों को बदल दिया गया था। अब उसमें भी साहिबगंज को लेकर थूकम पैजार हो रही है। वहां मंत्री आलमगीर आलम के खिलाफ कार्यकर्ताओं में बगावत हो गयी है। कभी धरना, तो कभी प्रदर्शन तो कभी पुतला दहन तक हो रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि साहिबगंज पर मंत्री आलमगीर आलम के परिवार और परिचितों का कब्जा है।

जाहिर है, कांग्रेस के भीतर की यह स्थिति झारखंड के राजनीतिक भविष्य के लिए भी खतरनाक है, क्योंकि यह पार्टी सरकार में साझीदार है और इसके भीतर के असंतोष का असर सरकार की सेहत पर भी पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में झारखंड कांग्रेस को एक ओवरहॉलिंग की जरूरत है। कांग्रेस आलाकमान जितनी जल्दी यह बात समझ ले, स्थिति उतनी ही अनुकूल होगी, अन्यथा झारखंड में भी किसी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### एक नजर साहिबगंज कांग्रेस कमेटी पर

मंत्री सह विधायक दल नेता आलमगीर आलम
महामंत्री-तनवीर आलम, आलमगीर आलम के पुत्र
एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष- तनवीर राजा पुत्र रफाजुल अहमद
युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष-एकलाख नदीम
सेवा दल जिलाध्यक्ष-अल्ताफ हुसैन
कांग्रेस जिलाध्यक्ष- बरकतुल्ला खां, विधायक प्रतिनिधि आलमगीर आलम
अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष-रफाजुल अहमद
इसमें तनवीर आलम,पिता आलमगीर आलम पिता-पुत्र हैं
तनवीर राजा पिता रफाजुल अहमद पिता-पुत्र हैं
ये सभी एक ही जगह साहिबगंज से आते हैं।

---

झारखंड सरकार ने इडी को लिखा पत्र, कहा

# टोल प्लाजा मामले में राज्य के अफसरों को पूछताछ के लिए नहीं बुलायें

- गृह सचिव ने डीजीपी के कार्यालय के माध्यम से लिखा है पत्र
- कोर्ट में याचिका दायर होने का दिया हवाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से अवैध खनन मामले में पूछताछ के लिए अपने पुलिस अधिकारियों को नहीं बुलाने को कहा है। राज्य सरकार ने इडी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है। बरहरवा मामले में राज्य के गृह सचिव राजीव अरुण एक्का ने इस संबंध में झारखंड डीजीपी के कार्यालय के माध्यम से इडी को एक पत्र लिखा है। पत्र की प्रति प्रमोद मिश्र को भी दी गयी है। दरअसल यह पत्र बरहरवा टोल मामले में साहिबगंज जिले के बरहरवा के पूर्व डीएसपी को इडी द्वारा तलब किए जाने के मद्देनजर लिखा गया है।

टोल प्लाजा मामले में मामले में 24 घंटे के अंदर मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देनेवाले डीएसपी प्रमोद मिश्रा को इडी द्वारा पूछताछ के लिए दूसरी बार समन भेजा गया था। दूसरे समन के बावजूद डीएसपी प्रमोद मिश्रा गुरुवार को भी पूछताछ के लिए इडी कार्यालय नहीं पहुंचे।

सूत्रों के मुताबिक सरकार द्वारा इडी के भेजे पत्र में कहा गया है कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पुलिस अधिकारियों को बुलाने और बुलाने का मामला उसके दायरे से बाहर है। झारखंड राज्य सर्वोच्च न्यायालय में एक रिट याचिका भी दायर है। यह मामला झारखंड राज्य और अन्य बनाम प्रवर्तन निदेशालय के रूप में डायरी संख्या के साथ दर्ज किया गया है। बहुत जल्द ही सुनवाई के लिए उठाए जाने की उम्मीद है। इसलिए प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में आगे न बढ़ें और संबंधित अधिकारी को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका के परिणाम का इंतजार करें। फिलहाल इडी इस मामले में कानूनी राय ले रही है।

# मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा : बादल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के किसानों के आर्थिक स्वावलंबन के लिए कटिबद्ध हैं। सरकार सुखाड़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना पर लगातार प्रभावित किसानों के आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। राज्य के कृषि मंत्री बादल ने कहा कि जब तक राज्य के सुखाड़ से प्रभावित अंतिम कृषक को राहत योजना का लाभ नहीं मिल जाता है, तब तक मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना पोर्टल पर किसानों का निबंधन जारी रहेगा।

बादल ने कहा कि अब तक राज्य में 17 लाख 50 हजार 814 लाभुकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है उनमें से 9,13,410 ऐसे किसान हैं, जिन्होंने अब तक बुवाई नहीं की है। इसके अलावा 6,69,007 किसान ऐसे हैं, जिनकी फसल क्षति 33 फीसदी से ज्यादा है। 1 लाख 68 हजार 397 भूमिहीन कृषक मजदूरों में पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है।

# साहिबगंज में मंत्री आलमगीर आलम के खिलाफ फूट रहा है गुस्सा

## ■ अनिल ओझा को जिला अध्यक्ष पद से हटाने के खिलाफ जारी है धरना-प्रदर्शन

## ■ आलमगीर पर लग रहा साहिबगंज कांग्रेस कमेटी पर कब्जा का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** जिलाध्यक्ष पद से अनिल ओझा को हटाये जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा 15 दिसंबर को साहिबगंज के मंडरो प्रखंड के मिर्जा चौकी हाटपाड़ा में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडरो प्रखंड के प्रखंड उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने किया। धरना प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष डॉ अनीता देवी, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव पूनम किरण चौरसिया, प्रखंड कांग्रेस पदाधिकारी सहित सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।




दरअसल साहिबगंज जिला के कांग्रेस संगठन में घमासान, नाराजगी तथा धरना प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने अनिल ओझा को जिला अध्यक्ष बना दिया, तो फिर आखिर किस कारण से दो दिनों के अंदर उन्हें हटाने का आदेश दिया गया और अल्पसंख्यक कोटा के नाम से आलमगीर आलम के विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान को जिलाध्यक्ष बना दिया गया।

कांग्रेसियों की नाराजगी इसलिए भी है कि साहिबगंज मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर बरहरवा प्रखंड से नये जिलाध्यक्ष बरकतुल्लाह खान, मंत्री आलमगीर आलम, उनके पुत्र प्रदेश महासचिव तनवीर आलम सहित कांग्रेस के बड़े नेता आते हैं और अधिकांश जिला के वरीय पदाधिकारी तथा नेता भी अन्य प्रखंडों से ही आते हैं। ऐसे में जिला मुख्यालय से एक मात्र मजबूत और लोकप्रिय नेता अनिल ओझा को पार्टी ने जिलाध्यक्ष बनाया था, तो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर थी।

अनिल ओझा के जिलाध्यक्ष बनने से कांग्रेस संगठन में विश्वास जगा था कि अब कांग्रेस मजबूत होगी तथा भाजपा से मजबूती से लड़ेगी। ऐसे में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद से अनिल ओझा को हटाये जाने से कांग्रेस के कार्यकर्ता काफी निराश हैं तथा जगह-जगह धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए पुनः जिलाध्यक्ष बनाने की मांग कर रहे हैं।

अनिल ओझा जिले में तथा जिले के बाहर काफी लोकप्रिय माने जाते हैं। अनिल ओझा छात्र जीवन से अभी तक लगातार काम करते आये हैं तथा साहिबगंज जिले में संगठन में काफी लोकप्रिय है। कांग्रेस के कार्यकर्ता उन्हें पसंद करते हैं। यही कारण है कि आलाकमान ने जिलाध्यक्ष अनिल ओझा को बनाया था। फिर मंत्री आलमगीर आलम ने अपनी पावर का दुरुपयोग करते हुए अपने विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान को जिला अध्यक्ष बनवा लिया। बस इसी कारण कांग्रेस संगठन में आज बवाल मचा है और कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरे जिला में तथा सभी प्रखंडों में धरना प्रदर्शन, पुतला दहन, काला बिल्ला, रैली करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं कि आखिर किस परिस्थिति में मंत्री आलमगीर आलम ने सारे तथ्यों को छुपाकर अल्पसंख्यक कार्ड खेल कर के साहिबगंज जिला में अनिल ओझा को बदल दिया गया है।

कार्यकर्ताओ का कहना है कि जान बूझ कर आलमगीर आलम द्वारा संगठन को कमजोर करने की साजिश रची गयी है ताकि साहिबगंज जिले में कांग्रेस निष्क्रिय हो जाये, क्योंकि आलमगीर आलम खुद पाकुड़ विधानसभा से चुनाव लड़ते हैं, इसलिए साहिबगंज जिला के संगठन को कमजोर करना चाहते हैं ताकी खुद और उनका परिवार बेटा भतीजा ही एकमात्र नेता रहें। अनिल ओझा के हटने से संगठन पर काफी बुरा प्रभाव पड़ेगा तथा कांग्रेस काफी कमजोर हो जायेगी। अनिल ओझा जिला मुख्यालय से आते हैं।

साहिबगंज जिला से सभी बड़े नेता अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। ऐसे में कैसे अल्पसंख्यक कोटा कह कर अनिल ओझा को हटाया गया, इसी की जांच करे आलाकमान

**1. एनएसयूआइ के जिला अध्यक्ष मो तनवीर राजा ,पिता मो रफ्जुल अहमद**

**2. युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो एकलाख नदीम**

**3. सेवादल के जिला अध्यक्ष मो अल्ताफ हुसैन**

**4. अल्पसंख्यक सेल के जिला अध्यक्ष मो रफाजुल अहम, (तनवीर राजा तथा रफाजुल अहमद पिता पुत्र हैं।)**

**5. जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान (विधायक प्रतिनिधि आलमगीर आलम )**

**6. झारखंड प्रदेश महासचिव तनवीर आलम पुत्र आलमगीर आलम (मंत्री)**

**7. मो सैफ प्रदेश महासचिव झारखंड प्रदेश (भतीजा आलमगीर आलम मंत्री )**

**8. विधायक दल नेता तथा सबसे बड़े मंत्री (झारखंड सरकार) आलमगीर आलम**

**9. तीन प्रखंड अध्यक्ष तथा चार प्रदेश प्रतिनिधि अल्पसंख्यक समाज से।**

**पतना प्रखंड के अध्यक्ष मोहम्मद परवेज आलम।**

**बरहेट प्रखंड के अध्यक्ष मोहम्मद तैमूर अंसारी।**

**उधवा प्रखंड के अध्यक्ष मोहम्मद बदरुद्दोजा।**

**तथा चार प्रदेश प्रतिनिधि भी अल्पसंख्यक समाज से।**

**मंडरो प्रखंड प्रदेश प्रतिनिधि मुर्साद अली।**

**राजमहल प्रखंड के प्रदेश प्रतिनिधि मोहम्मद कलीमुद्दीन।**

**बरहेट प्रखंड प्रदेश प्रतिनिधि मोहम्मद सरफराज आलम।**

**बरहरवा प्रखंड के प्रदेश प्रतिनिधि आलमगीर आलम (मंत्री )**

### प्रदेश कार्यकारिणी झारखंड प्रदेश

1. मोहम्मद एफ हुसैन
2. गुलाम रब्बानी

ओड़िशा संस्करण

16 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 58

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

परमाणु क्षमता से लैस अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण, 5000 किमी तक मार करने में सक्षम



### खतियानी जोहार यात्रा में सीएम ने भाजपा पर जम कर हमला बोला

# खतियानी को बांग्लादेशी कहा जाता है और झारखंड को ठग प्रदेश : हेमंत सोरेन

**लोगों से बोले हेमंत : जो खतियानी बिल का करे विरोध, उसे गांव में न बैठने दें**

**20 साल तक फैलायी गयी गंदगी को साफ कर रहे हैं**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी खतियानी जोहार यात्रा के क्रम में गुरुवार को गोड्डा पहुंचे। यह राज्य का पांचवां जिला है, जहां मुख्यमंत्री की यात्रा पहुंची है। यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विपक्ष ने 20 साल शासन कर झारखंड में जितनी गंदगी फैलायी है, उसे आपकी सरकार साफ कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने राज्य का खजाना खाली कर दिया। सब कुछ लूट लिया। उसके बावजूद आपकी सरकार ने लोगों को मूलभूत अधिकारों से जोड़ा है। लाखों लोगों को पेंशन और राशन से जोड़ा है। हम लोगों को हक-अधिकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को मजबूत करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत करना होगा। सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ कर रही है। जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक राज्य का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में गांव-गांव, पंचायत-पंचायत दवा दुकान उपलब्ध कराने की हमारी योजना है। गांव के पढ़े-लिखे युवाओं को इस योजना में अवसर दिया जायेगा।

सीएम ने सवाल किया कि क्या 1932 खतियान पास कराना गलत है। खतियान वालों को बांग्लादेशी बोला जाता है। हमारे राज्य को ठग प्रदेश बोला जाता है। हमारी जमीन, हमारी मिट्टी में खड़ा होकर झारखंडवासियों को ही गाली दी जाती है। इसे झारखंडी कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

सीएम ने कहा कि वीरों की इस धरती की कर्मठ जनता से मिलने का सौभाग्य उन्हें मिला है। उन्होंने गोड्डा के लोगों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दीं और खतियानी जोहार से अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड वीर शहीदों की धरती है। महान क्रांतिकारियों की धरती है। उन्होंने कहा, जो खतियान का विरोध करेगा, वह झारखंड का विरोध करेगा। हमारे वीर शहीदों का विरोध करेगा। आप सभी को इन झारखंड विरोधियों से सावधान रहना होगा।

**आदिवासी कल्याण छात्रावास गये :** इसके बाद मुख्यमंत्री गोड्डा में आदिवासी कल्याण छात्रावास गये और वहां रह रहे युवाओं से मिले। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में छात्रावासों का कभी जीर्णोद्धार ही नहीं किया गया। अभी राज्य सरकार इस काम में जुटी है। हमारी सरकार छात्रावासों का जीर्णोद्धार कर रही है। उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिया कि इस छात्रावास का पूर्णतः जीर्णोद्धार कर स्थिति को बेहतर बनाया जाये। इसके बाद उन्होंने गोड्डा में निर्माणाधीन मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्कूल के निर्माण में कोई कोताही न हो, इस बाबत अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं।

### बिहार शराब कांड पर बिहार की सियासत गर्म

# नीतीश बोले : जो पीयेगा, वो मरेगा भाजपा ने विधानसभा में किया हंगमा

**डॉक्टरों ने कहा, कोरोना से भयावह हालात, डर के चलते हुई कई मौतें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना/छपरा।** बिहार के छपरा में जहरीली शराब से अब तक 39 लोगों की मौतें हो गई हैं। 30 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर है। यानी मौतें और बढ़ सकती हैं। इन सब के बीच बिहार में इस मुद्दे को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा जो पियेगा, वो मरेगा ही। उधर, भाजपा ने गुरूवार को विधानसभा में विरोध जताया। सदन का बहिष्कार किया।

अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि कोरोना काल में भी इस तरह के हालात यहां नहीं थे। उससे भी ज्यादा भयावह यह मंजर है। अस्पताल के एक सीनियर डॉक्टर ने बताया कि इनमें कई मरीजों की जान बच सकती थी, लेकिन शराब बंदी और पुलिस के डर से कई लोग हॉस्पिटल तक पहुंचे ही नहीं। वे शरीर में फैलते जहर को बर्दाश्त करते गये या घरेलू नुस्खे अपनाते गये। जब स्थिति कंट्रोल से बाहर होने लगी तब वे अस्पताल पहुंचे। इसके कारण लोगों को बचा पाना मुश्किल हुआ।

सूत्रों की मानें तो मौत का आंकड़ा सरकारी नंबर से ज्यादा है। पुलिस की दहशत के कारण कई परिजन शवों का बिना पोस्टमार्टम कराये घर से ही अंतिम संस्कार करा दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में गम के साथ आक्रोश का माहौल है। हालांकि कोई भी फिलहाल इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। जहरीली शराब की ये खेप कहां से आई थी? कहां-कहां इसे पी गयी थी। चर्चा यह भी है कि शराब को सप्लाई करने वाला सप्लायर भी इसका शिकार हो गया है। शराब पीने से उसकी भी मौत हो गयी है। जिस मशरक इलाके में घटना हुई है, वहां थानेदार रितेश मिश्रा समेत 2 लोगों को सस्पेंड किया गया है। जांच के लिए एसआइटी बनायी गयी है। उत्पाद विभाग की 7 टीमें छापेमारी कर रही है। मशरक के अलग-अलग इलाके से 600 लीटर अवैध शराब बरामद हुआ है। अब तक 48 घंटे में 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## नीतीश के बयान पर विपक्ष ने साधा निशाना, मांगा इस्तीफा



**शराब कांड पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान ने राजनीतकि सरगर्मी बढ़ी हुई है। नीतीश ने कहा कि जहरीली शराब से शुरू से लोग मरते हैं। सबको अलर्ट रहना चाहिए, क्योंकि जब शराब बंदी है तो खराब शराब मिलेगी ही। जो शराब पियेगा वो मरेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले राजनीति कर रहे हैं। पहले ये बताइए जहां-जहां आपकी सरकार है वहां भी शराब से मौतें हो रही हैं। आपकी सरकार आंकड़े छिपा लेती है। भाजपा ने बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन इस मामले को लेकर जमकर हंगामा किया। भाजपा के विधायक वेल में आकर हंगामा किया और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर वॉकआउट कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही अगले दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके पहले विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने शराब से हुई मौतों को लेकर प्रदर्शन किया। बीजेपी ने मुख्यमंत्री नीतीश का इस्तीफा मांगा है।**



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## मुख्यमंत्री ने जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत गोड्डा में जिला स्कूल, आदिवासी छात्रावास एवं मॉडल स्कूल के चल रहे पुनर्निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

# जीर्णोद्धार कार्य में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखें : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोड़ैयाहाट और इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का भी लिया जायजा**

**छात्रावास के पुनर्निर्माण कार्य होने तक बच्चों के रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कल्याण विभाग द्वारा बन रहे आदिवासी छात्रावास के पुनर्निर्माण के कार्य में खानापूर्ति ना करें। जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाये। उन्होंने छात्रावास के मरम्मत कार्य के दौरान यहां के बच्चों के रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री गुरुवार को गोड्डा जिला परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिला स्कूल, आदिवासी छात्रावास एवं मॉडल स्कूल के पुनर्निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर रहे थे।

**छात्रावास में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश :** मुख्यमंत्री ने छात्रावास के चल रहे पुनर्निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कई निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छात्रावास में बिजली पेयजल रसोई और शौचालय समेत सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। छात्रवास सुसज्जित हो और इसकी गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाये। मुख्यमंत्री ने इस दौरान छात्रावास में रहने वाले बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और दूर करने के निर्देश दिये।





**लोगों की सुनी समस्याएं, निराकरण का दिया निर्देश :** इससे पहले गोड्डा आगमन पर मुख्यमंत्री का लोगों ने भव्य स्वागत किया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री के अभिवादन के लिए हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इसके लिए गोड्डावासियों का आभार जताया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आम लोगों की समस्याएं और परेशानियों को भी सुना और अधिकारियों को उचित निराकरण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने गोड्डा के पोड़ैयाहाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया।

**अमर शहीदों को किया नमन :** जिला परिभ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने गोड्डा के भटौन्धा, शहीद स्तंभ एवं हरियारी स्थित सिदो कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धा सुमन सुमन अर्पित किया। इस दौरान मंत्री ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य आलमगीर आलम, राजमहल सांसद विजय हांसदा, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, गोड्डा उपायुक्त जीशान कमर, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा एवं जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## झारखंड कैडर के कई आइएस अधिकारियों का तबादला

# मुकेश कुमार बने आइपीआरडी निदेशक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का गुरुवार देर शाम तबादला किया गया है। साथ ही कई अधिकारियों को अपने कार्यों के साथ अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। आइपीआरडी के नए निदेशक मुकेश कुमार बने। वहीं कोडरमा के उप-विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा आदिवासी कल्याण आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। कार्मिक विभाग ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।

ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह अपने कार्यों के साथ पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे। परिवहन सचिव राजेश कुमार शर्मा को अब श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण कौशल विभाग में सचिव बनाया गया है।

श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त बनाए गए हैं। अनुसूचित जनजाति जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन अपने कार्यों के साथ परिवहन सचिव के अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे। उत्पाद आयुक्त कमलेश्वर प्रसाद सिंह को श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है।

आदिवासी कल्याण आयुक्त मुकेश कुमार श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के निदेशक बनाए गए हैं। इसके साथ मुकेश कुमार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में निदेशक और रांची क्षेत्र विकास प्राधिकार के उपाध्यक्ष के अतिरिक्त प्रभार पर भी रहेंगे।

भू अर्जन भू अभिलेख एवं परिमाप के निदेशक उमाशंकर से जैप -आईटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे। नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशक नेहा अरोड़ा अब पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में अपर सचिव नियुक्त की गयी है।

योजना एवं विकास विभाग के अपर सचिव संजीव कुमार बेसरा श्रम आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। दुमका के उप विकास आयुक्त करण सत्यार्थी उत्पाद आयुक्त बनाए गए हैं। लोहरदगा के उपायुक्त गरिमा सिंह उच्च शिक्षा में निदेशक बनाई गयी है। रांची के उप विकास आयुक्त विशाल सागर सूचना प्रौद्योगिकी में निदेशक बनाए गए हैं। कोडरमा के उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा आदिवासी कल्याण आयुक्त नियुक्त किए गए हैं।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत सिन्हा अपने कार्यों के साथ झारखंड मेडिकल एवं हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के प्रभार पर रहेंगे।

श्रम नियोजन विभाग में संयुक्त सचिव ऋतुराज को कोडरमा उपविकास आयुक्त नियुक्त किया गए है। मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त संविदा एस लोहरदगा के उप विकास आयुक्त बनाई गयी हैं। अनुसूचित जनजाति जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव रवि आनंद पलामू के उप विकास आयुक्त बनाए गए हैं। अपने कार्यों के साथ में मेदिनीनगर निगम के नगर आयुक्त रहेंगे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव दिनेश कुमार यादव रांची के उप विकास आयुक्त बनाये गये हैं।

# पारस एचइसी हॉस्पिटल की नयी इकाई अब रांची में पारस ब्लिस के नाम से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पारस एचइसी अस्पताल अपनी बेहतरीन चिकित्सीय टीम और उन्नत तकनीक के साथ जटिल से जटिल बीमारियों से लोगों को बचाने में उत्कृष्ट योगदान देता आया है। इसी क्रम में पारस एचइसी अस्पताल, रांची में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केयर यूनिट 'पारस ब्लिस' का उद्घाटन गुरुवार को ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ धर्मेंद्र नागर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।




इस मौके पर कंपनी के ग्रुप सीओओ डॉ सैंटी साजन, रीजनल डायरेक्टर डॉ सुहाश आराध्ये, मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार और फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार मौजूद थे। कंपनी के ग्रुप सीओओ डॉ सैंटी साजन ने कहा, एचइसी की 50 साल की विरासत को जारी रखते हुए अब पारस भी पारस ब्लिस के उद्घाटन के साथ रांची और आसपास के जिलों में अपनी सेवा आरंभ कर रहा है। पारस ब्लिस में अनुभवी डॉक्टरों और उन्नत तकनीक के साथ गर्भवती महिलाओं और बच्चों के इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। यह चौबीसों घंटे आपातकालीन सेवाओं के साथ महिलाओं और बच्चों की चिकित्सा जरूरतों को भी पूरा करेगा, जिसमें सहायक गर्भाधान, प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल और नवजात और बाल चिकित्सा उप-विशिष्टताएं शामिल हैं।

## वाइबीएन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कांफ्रेंस का समापन

# शोधार्थियों ने शोध प्रस्तुत किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में 9 से 16 दिसंबर तक 8 दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेस के आयोजन का गुरुवार को सातवां दिन था। गुरुवार को स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं ह्यूमानिटीज के हिस्ट्री, लाइब्रेरी साइंस, पॉलिटिकल साइंस, फिलोसोफी और योगा के शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया।




मौके पर वाइबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी, कांफ्रेंस संचालक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, डॉ आशिष सरकार, डॉ चंद्रजीत कुमार, प्रबंधन समिति, फैकल्टी स्टाफ सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे। थीम ऑफ टॉपिक इतिहास विभाग के लिए 1857 की क्रांति के कारण और प्रभाव, सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक मुद्दे और 1857 की क्रांति। पुस्तकालय विज्ञान विभाग के लिए डिजिटल पुस्तकालयः बुनियादी ढांचा और सेवा, शोध-चक्रः सूचना की एक पहल। राजनीति विज्ञान विभाग के लिए भारत में लैंगिक समानता और महिला राजनीतिक अधिकारिता, भारतीय राजनीति में उभरती प्रवृत्तियांः एक सामाजिक-राजनीतिक विश्लेषण। दर्शनशास्त्र विभाग के लिए भारतीय संस्कृति में मानव अधिकार एक दार्शनिक दृष्टिकोण, धार्मिक मंदिरों की वास्तुकला को समझना एक दार्शनिक व्याख्यान और योगा विभाग के लिए युवा व्यक्तित्व विकास और कौशल में योग की भूमिका, किशोरों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर योग का प्रभाव था। मौके पर स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं ह्यूमानिटीज डीन डॉ मनोज कुमार ने भी अपने बहुमूल्य व्याख्यान तथा शोध अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# प्रेमा हॉस्पिटल का उद्घाटन

## अस्पताल से लोगों को बेहतर सेवा मिलने की उम्मीद : अरुण सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बरियातू रोड के पीएचइडी चौक स्थित प्रेमा हॉस्पिटल का उद्घाटन अपर स्वास्थ्य सचिव सह विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने किया। हॉस्पिटल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि यह बढ़िया अस्पताल साबित होगा। यहां कम कीमत पर इलाज की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मौके पर हॉस्पिटल के एमडी अतुल प्रकाश ने बताया कि रांची में बेहद किफायती दरों पर इसमें सेवाएं मिलेंगी। खासकर आइवीएफ तकनीक से गर्भधारण की सुविधा यहां बेहद कम कीमत पर उपलब्ध करायी जायेगी। इसके लिए दूसरे निजी अस्पतालों में दो-तीन लाख रुपये या इससे अधिक खर्च होते हैं। यहां 50 हजार में ही आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इसकी सफलता की दर 90 फीसदी से अधिक होगी। इस दौरान डॉ तृप्ति, डॉ कन्हैया, डॉ अभिजीत, डॉ मोनिका और अन्य भी उपस्थित थे।



**अस्पताल की ये हैं खूबियां :** तरुण प्रकाश के मुताबिक अस्पताल में फिलहाल 30 बेड हैं। आगे इसकी संख्या बढ़ायी जायेगी। आइवीएफ तकनीक से गर्भधारण की खासियत के अलावा अन्य बीमारियों में दर्द रहित इंजेक्शन की सुविधा यहां मिलेगी। अभी अस्पताल में ऑर्थो, गाइनो, पेडियाट्रिक्स, आइसीयू, सर्जरी, एनआइसीयू, लैप्रोस्कोपी सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, न्यूरो फिजिशियन, पैथो लैब की सुविधाएं शुरू की गयी हैं। मेडिकल टीम में एक दर्जन से अधिक डॉक्टर हैं।

# कांग्रेस की रांची में भारत जोड़ो यात्रा कल से

**प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री रहेंगे शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में भारत जोड़ो यात्रा 17 दिसंबर को रांची के जिला स्कूल शहीद स्मारक में शहीदों को नमन करने के बाद निकाली जायेगी। रांची जिला महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। राजा ने बताया कि यात्रा फिरायालाल चौक में शहीद अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए ओल्ड एचबी रोड, लालपुर होते हुए बिरसा मुंडा की समाधि स्थल कोकर तक जाएगी। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश में बढ़ती




महंगाई, बेरोजगारी, नफरत तथा अलगाववादी ताकतों के विरुद्ध एक बुलंद आवाज है। यह यात्रा एक संकल्प है, उन सभी भारतीयों को साथ जोड़ने का जिन्हें भारत की विविधता, एकता एवं संविधान में विश्वास है। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में सामाजिक संगठन, एनजीओ तथा सभी वर्ग के लोग भाग लेंगे । कांग्रेस पार्टी की ओर से इस कार्यक्रम में सभी जाति धर्म के लोगों को आमंत्रित किया गया है, ताकि राजधानी रांची में होने वाली यह भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक बने। यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता से आलमगीर आलम, भारत जोड़ो यात्रा अभियान के प्रदेश संयोजक सह पूर्व कैबिनेट मंत्री सुबोध कांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

# झारखंड फिल्म महोत्सव कल से

**32 देशों की फिल्मों का प्रदर्शन**
**बॉलीवुड के सितारे होंगे शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल (जिफ्फा) और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के साझा बैनर तले रांची में 17 और 18 दिसंबर को 5वां झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2022 होगा। महोत्सव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में होगा। जिफ्फा के कार्यकारी अध्यक्ष सह प्रवक्ता सुनील सिंह बादल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिल्म महोत्सव में भारत सहित 32 देशों के 134 फिल्मों में से चयनित 53 फिल्मों, 15 लघु और डॉक्यूमेंटरी फिल्मों के अलावा झारखंड की नागपुरी, खोरठा और संथाली भाषा की फिल्में दिखाई जायेंगी। इस बार मुंबई से सचिन, राजपाल यादव, महिमा चौधरी और स्मृति सिन्हा अवॉर्ड फंक्शन में उपस्थित रहेंगे। 17 दिसंबर को झारखंड के कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन करेंगे। मंत्री मिथिलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। इसी दिन प्रसिद्ध लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती पर रूपांतर नाट्य मंच, गोरखपुर की ओर से भिखारी ठाकुर पर केंद्रित सुनील जायसवाल निर्देशित नाटक कहन भिखारी का मंचन होगा। 18 दिसंबर को झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस अवार्ड संध्या का उद्घाटन करेंगे और मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। परितोष त्रिपाठी, अभिनेता अंकुश राजा, अभिनेत्री शिखा मल्होत्रा, मिस युनाइटेड नेशंस अर्थ अंजिल मेरीना तिर्की और इंपा के अध्यक्ष अभय सिन्हा इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। मुंबई के मशहूर एक्टिंग स्किल ट्रेनर और कास्टिंग डायरेक्टर प्रवीन चंद्र इच्छुक लोगों के लिए दो दिन की फ्री वर्कशॉप का आयोजन करेंगे। महोत्सव में पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख और संगीत नाटक अकादमी के सदस्य नंदलाल नायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर संयोजक विनय मेहता,सह संयोजक पंकज कुमार, समन्वयक सुजीत उपाध्याय, सेलिब्रेटी मैनेजमेंट के प्रमुख डॉ आरिफ नासिर बट और सात्विक आनंद मौजूद थे।




## महत्वपूर्ण न्यूज

### हत्या के फरार आरोपी के घर पुलिस ने ढोल नगाड़ा बजा कर चिपकाया इश्तेहार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने हत्या के फरार आरोपी के घर पर ढोल नगाड़ा बाजा बजा कर इश्तेहार चिपकाया है। जगन्नाथपुर थाना के एसआइ पंकज कुमार के साथ पुलिसकर्मी तुपुदाना ओपी क्षेत्र के निचितपुर गांव में आरोपी दिलीप मुंडा के घर पहुंचे और इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान घर के पास ढोल नगाड़ा बजता देख कर गांव के कुछ लोग भी जुट गये। पुलिस ने गांव वालों और परिजनों को जानकारी दी। दीपक मुंडा लंबे समय से फरार चल रहा है, जिसके घर में जाकर इश्तिहार चिपकाया गया। घर वालों को जानकारी दी गयी है कि एक महीना के अंदर आरोपी न्यायालय में नहीं उपस्थित होगा, तो कुर्की जब्ती की जायेगी।

### पति-पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाला लाजपत राय नगर में रहने वाले एक दंपति ने आपसी विवाद के बाद आत्महत्या की कोशिश की। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में रिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। 36 वर्षीय सोनू अग्रवाल और उनकी पत्नी 34 वर्षीय मलोबिका सरकार ने आपसी विवाद में जान देने की कोशिश की। दोनों पति-पत्नी को रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। मामले की जानकारी बरियातू पुलिस के साथ-साथ पुंदाग ओपी को भी दे दी गयी है।

### कोयला खननवाले क्षेत्र की बेहतरी के लिए प्रह्लाद जोशी से मिले संजय सेठ

**रांची (आजाद सिपाही)।** सांसद संजय सेठ ने नयी दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से गुरुवार को मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद ने खलारी के राय शिशु मंदिर विद्यालय से डकरा चौक तक सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने के लिए आभार जताया। साथ ही खलारी में बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय का संचालन पुनः आरंभ करने का आग्रह भी किया। सांसद ने उनसे कहा कि यह कोयला खनन प्रभावित क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में इस व्यवसाय से जुड़े लोग रहते हैं। बच्चों के पठन-पाठन के लिए क्षेत्र में कोई अच्छा विद्यालय भी नहीं है। इस दृष्टि से इस केंद्रीय विद्यालय का संचालन अति आवश्यक है। इसके अलावा सांसद ने केंद्रीय मंत्री से कोयला खनन वाले क्षेत्र के नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर हो सके, इसके लिए कई सुझाव दिये। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक पहल करने की बात कही।

### रोस्टर के तहत निकाय चुनाव कराने के खिलाफ सीएम का पुतला फूंका



**रांची (आजाद सिपाही)।** अनुसूचित जाति/पिछड़ी/अल्पसंख्यक समाज के प्रमुख लोगों लोगों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। कांके रोड सीएमपीडीआइ रांची में उपेंद्र कु रजक के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। बैठक में हेमंत सरकार द्वारा मंत्रीपरीषद के बैठक कर संविधान व रोस्टर प्रणाली के तहत अंनु जाति के लिए आरक्षित रांची आदित्यपुर, हजारीबाग के मेयर पद को अंनु जनजाति करने पर कड़ा विरोध जताया। कहा कि हेमंत सरकार संविधान व चुनाव आयोग के निर्देश को धजिया उड़ा रहे हैं। वह सता के नसा में अंनु जाति व पिछड़ी जाति के संविधानिक अधिकारों से वंचित करने का संयंत्र रच रहें हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार आपस में टकराव करना चाहती है। कहा कि सरकार दलित विरोधी है सरकार दलितों के सामने थाली परोसकर थाली छीनने का काम किया है। पहले टीएसी के माध्यम से चुनाव टालने का प्रयास किया और अब कैबिनेट के बैठक के माध्यम से लोगों का आपस में उलझाने का काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र रजक ने कहा कि हेमंत सरकार के तुगलकी फरमान के खिलाफ आज आदित्यपुर, हजारीबाग, रामगढ़ ,गढ़वा, डालटेनगंज , चतरा आदि जगहों पर अनुसूचित जाति समन्वय समिति के लोगों ने हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। इस मौके पर विजय राम, रंजन पासवान, राजेश रौशन, रामलगन राम,फिरोज अंसारी, राजू राम, नवल साहू, अधिवक्ता प्रभात कुमार, संतोष रबि, सुबोध पासवान, राजेंद्र वर्मा, राजेश गुप्ता,नीरज पासवान, विकास कुमार रवि, योगेंद्र लाल, प्रेमजित कुशवाहा, संतोष कुमार रवि नवल किशोर साहू, महेश कुमार मनीष, युवराज पासवान आदि मौजूद थे।

### 20 को विधानसभा का घेराव करेंगे दिव्यांगजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ ने कहा कि 19 दिनों से झारखंड के समस्त दिव्यांगजन राजभवन के समक्ष दिन-रात धरने पर बैठे हुए हैं। मगर सरकार के तरफ से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी ना ही किसी तरह का सूट लिया गया। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सरकार या तो हमारे साथ शीतकालीन सत्र से पहले वार्ता करें या फिर हम समस्त दिव्यांगजन 20 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.2 °c | 13.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.22 बजे |



## शिक्षक नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

# सरकार को निर्देश: बची हुई वेकेंसी तीन माह में पूरी करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षक नियुक्ति मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया कि बची हुई वेकेंसी को तीन माह में पूरा करें।

वेकेंसी मेरिट लिस्ट के आधार पर पूरा करें। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि जिनकी नियुक्ति हो चुकी है, वे सभी अभ्यर्थी सुरक्षित हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एम आर शाह की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा।



**17572 में हो गयी है आठ हजार की नियुक्ति :** बता दें कि वर्ष 2016 में राज्य में 17572 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें आठ हजार शिक्षकों की नियुक्ति जिला स्तर पर तैयार मेरिट लिस्ट पर हुई है। यह नियुक्ति वर्ष 2016 की नियोजन नीति के आधार पर अनुसूचित और गैर अनुसूचित जिला के आधार पर हुई है। हाइस्कूल शिक्षकों का कैडर जिला स्तरीय है।

# कैमरे की आंखों से दिखायें झारखंड और जीतें 57 लाख तक के पुरस्कार

## झारखंड पर्यटन फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रतियोगिता 2022 का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का शौक रखने वालों के लिए सुनहरा अवसर है। कैमरे के लेंस और अपने विजन के जरिये दिखायें झारखंड की परंपरा, कला, संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थल, नृत्य एवं अन्य गतिविधियां और जीतें 57 लाख रुपये तक के रोमांचक पुरस्कार। 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के लिए एक लाख रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 75 हजार एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 50 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जायेंगे। वहीं प्रत्येक श्रेणी में 20 हजार रुपये के समेकित पुरस्कार भी शामिल हैं। विजेताओं का चयन उनके सोशल मीडिया पोस्ट पर व्यूज लाइक के आधार पर किया जायेगा।



### ये होगा अनिवार्य

फोटो और वीडियो जमा करने का मानदंड एचडी फोटोग्राफ जेपीजी प्रारूप में न्यूनतम 10 एमबी से अधिकतम 50 एमबी तक होनी चाहिए। वहीं वीडियो कम से कम एक मिनट से अधिकतम दो मिनट 30 सेकेंड का होना चाहिए। वहीं रील या शॉर्ट वीडियो की अवधि 30 सेकेंड की होगी। प्रतिभागी एक या अधिकतम चार फोटोग्राफ अपलोड कर सकते हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए फोटोग्राफी के तहत धार्मिक पर्यटन स्थल, पर्व-त्योहार, पारंपरिक मेले, प्राचीन स्थल और स्मारक, नृत्यकला, दर्शनीय सौंदर्य और परिदृश्य को शामिल किया गया है। वहीं वीडियोग्राफी श्रेणी में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब के लिए भी उपरोक्त विषयों को समाहित किया गया है।

रील और शॉर्ट वीडियो के लिए प्रतिभागी इन्हीं विषयों पर अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकेंगे। अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए कृपया देखें - www.tourism.jharkhand.gov.in

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार में सफलता, आकस्मिक धन लाभ। मान-सम्मान की वृद्धि होगी। |
| वृष | कर्मश्रेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा। उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। |
| मिथुन | प्रेम संबंधों में सुधार। भौतिक सुख-संपन्नता की वृद्धि। उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| कर्क | व्यापारिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। सेहत अच्छा रहेगा। |
| सिंह | जॉब में बदलाव होगा। नये दायित्व मिल सकता है। नये वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति। |
| कन्या | जमीन-जायदाद संबंधी विवाद हल होगा। धन की स्थिति अच्छी होगी। स्थान परिवर्तन। |
| तुला | प्रेम प्रसंग में उलझनें दूर होंगी। बकाये रकम की प्राप्ति। यात्रा लाभप्रद होगी। |
| वृश्चिक | नौकरी-व्यापार में उन्नति। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। स्वजन- मित्रों से सहयोग। |
| धनु | प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। पैसे का लाभ होगा। बड़े-बुजुर्गों का प्यार। |
| मकर | अनावश्यक भाग-दौड़-भाग। आय के स्रोत बढ़ेंगे। संतान संबंधी समस्या का हल होगा। |
| कुंभ | जॉब में अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति। सेहत को लेकर चिंता होगी। जीवन साथी से अनबन होगा। |
| मीन | विवाहेत्तर प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी हो सकती है। नया काम करने से नुकसान होगा। |

# नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक हाइकोर्ट ने जारी रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान और डॉ राजेश कुमार के नक्शा विचलन मामले में दायर याचिका की झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान बताया गया कि रांची नगर निगम में 21 दिसंबर को शाम साढ़े 5 बजे रांची नगर निगम और आरआरडीए के अधिवक्ता के अलावा मामले में एमिकस क्यूरी और कई अन्य अधिवक्ता नक्शा पास होने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का अवलोकन करेंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर निर्धारित की है। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि नक्शा स्वीकृति मामले की जांच को लेकर बनी तीन सदस्यीय कमेटी की जांच जारी है।



पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल की जांच को लेकर तीन सदस्यों वाली कमिटी बनायी गयी है। यह कमेटी एडिशनल सेक्रेटरी अर्बन डेवलपमेंट एंड हाउसिंग डिपार्टमेंट, गवर्नमेंट ऑफ झारखंड कांत किशोर मिश्रा की अध्यक्षता में बनायी गयी है। कमेटी जल्द ही विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। इससे कोर्ट को अवगत कराया जायेगा। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि क्यों नहीं आरआरडीए और रांची नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी जैसे सीबीआइ से करायी जाये। कोर्ट ने राज्य सरकार से 1 जनवरी 2022 से लेकर 30 नवंबर 2022 तक नयी बिल्डिंग से संबंधित वैसे नक्शा आवेदनों के बारे में जानकारी मांगी थी, जिसे किसी आपत्ति के आधार पर आरआरडीए या नगर निगम ने वापस कर दिया गया है।

लंबित स्वीकृत पद पर नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र इकाई बनाने का भी कोर्ट ने सुझाव देते हुए पूछा था कि इसमें क्या किया जा सकता है। साथ ही नक्शा से सबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत की सुनवाई के लिए भी एक समिति बनाने की बात कही थी। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी थी।

# जमीनी स्तर पर जमीनी समस्याओं का समाधान करेगा रांची रिवोल्ट जनमंच : डॉ प्रणव कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक वैचारिक मंच रांची रिवोल्ट जनमंच की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को राजधानी के कचहरी चौक स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की गयी कि आज झारखंड के लोगों को जमीन, फ्लैट, दुकान एवं मकान की खरीद-बिक्री एवं रजिस्ट्री में अनेक विकट चुनौतियों और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण एक ओर लोग मानसिक रूप से परेशान हैं वहीं दूसरी ओर उनके जीवन भर की जमा-पूंजी, दलाल एवं भ्रष्ट तत्वों के चक्कर में धोखाधड़ी का शिकार हो रही है।



बैठक में बोलते हुए अधिवक्ता एवं रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि, झारखंड में जो भी व्यक्ति भूमि, फ्लैट, मकान एवं दुकान में निवेश के इच्छुक हैं उनके सामने अनेक प्रकार की चुनौतियां सामने आ रही हैं। इससे झारखंड में न केवल सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि यहां प्रॉपर्टी में निवेश के प्रति निराशाजनक माहौल है। इसके कारण झारखंड का औद्योगिक, सामाजिक एवं नगरीय विकास की सोच के साथ ही सम्पूर्ण व्यवस्था को आघात पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में हम झारखंड के उस सपने से निरंतर दूर होते जा रहे हैं, जिसके कारण झारखंड अलग प्रदेश का गठन किया गया था। डॉ बब्बू ने कहा कि जमीनी स्तर पर झारखंड में निवेश के इच्छुक लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही रांची रिजल्ट जनमंच एक व्यापक अभियान शुरू करेगा और निवेश के इच्छुक लोगों की मदद के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की जायेगी। इसके तहत तैयार प्लेटफार्म का प्रत्यक्ष फायदा झारखंड के लोगों को मिलेगा। इसके तहत रांची के साथ ही झारखंड के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा, जहां उन्हें जमीन की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के साथ ही जमीनी वास्तविकताओं से अवगत कराया जायेगा और उन सभी बातों की जानकारी दी जायेगी जिसके कारण झारखंड में निवेशकर्ताओं को छल-कपट एवं धोखाधड़ी का शिकार होना पड़ा रहा है।

बैठक में रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू के साथ ही वरिष्ठ सदस्य उपेंद्र कुमार बबलू, दीपक साहू, मोहम्मद नासिर, संतोष, दीपक, विनोद साहू, नरेंद्र कुमार सिंह, राकेश रंजन बबलू, विजय कुमार दत्त पिंटू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सीसीएल के नये मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने योगदान दिया



**रांची (आजाद सिपाही)।** पंकज कुमार ने सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में अपना योगदान दिया। सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने सीसीएल परिवार की ओर से नये सीवीओ का स्वागगत किया। श्री प्रसाद नेविश्वासस व्यक्त करते हुए कहा कि पंकज कुमार के कुशल नेतृत्व में सतर्कता विभाग और सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी बी साइराम सहित अन्यु अधिकारी उपस्थित थे। पंकज कुमार 2007 के इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विसेस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वो धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीओएम थे।

## वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने शुरू की धान क्रय अधिप्राप्ति योजना

# किसानों से आठ लाख मीट्रिक टन धान खरीदेगी सरकार : वित्त मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किसानों के लिए धान क्रय अधिप्राप्ति योजना की शुरुआत की। कहा कि 2022-23 के लिए राज्य के किसानों से आठ लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने अपने रांची स्थित आवास पर धान क्रय को लेकर राज्य के सभी जिलों के डीएसओ, लैंपल, पैक्स एवं किसानों की उपस्थिति में इस योजना की शुरूआत की। कहा कि किसान सीधे लैंपल एवं पैक्स पहुंच कर सरकार को धान दे रहे हैं। इस दौरान डीएसओ ने 226 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य को पुनरीक्षित करने का अनुरोध किया। इस पर डॉ उरांव ने कहा कि विभाग द्वारा विचार किया जा रहा है। धान अधिप्राप्ति लांचिंग के मौके पर विभागीय सचिव हिमानी पांडेय, एसएफसी के निदेशक जतीन प्रसाद, अवर सचिव सतीश चंद्र चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि किसानों को एमएसपी का फायदा पहुंचाना है। बाजार में किसान अपना अनाज नहीं पहुंचा पाते हैं। प्रतिस्पर्धा में वह कहीं टिकते भी नहीं हैं। बहुत कम कीमत मिलता है उनके अनाज का। व्यापारी किसानों से 14-15 सौ रुपये क्विंटल की दर से धान खरीदते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है। एमएसपी का लाभ किसानों को मिले, इसके लिए हम उन्हें 2050 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कीमत देते हैं, यानी 500 रुपये ज्यादा। हर साल 15 दिसंबर को सरकार इस योजना की शुरुआत करती है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 97 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया गया था। इस बार भी निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। 226 प्रखंड सूखाग्रस्त हैं। धान इस बार कम हुआ है। इसलिए लक्ष्य कम करने की भी जरूरत है।



डॉ उरांव ने किसानों से अपील की है कि सरकार के एमएसपी का लाभ उठायें। 50 प्रतिशत धान की कीमत का भुगतान तुरंत किया जायेगा। 50 प्रतिशत राशि का भुगतान जब धान राइस मिल में जाएगा, तो मिल जायेगा। पैसों की कोई कमी नहीं है। पहले पैसों की कमी होती थी, लेकिन पिछले साल से सरकार ने पैसों का इंतजाम कर लिया है।किसी भी किसान को पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। किसानों से अनुरोध है कि बेखौफ होकर अपने नजदीकी लैंपस व पैक्स में धान पहुंचायें और एमएसपी का फायदा उठायें।

## सरला बिरला स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम और पीआरपी कार्यक्रम

# एंगर फ्री क्लास रूम एवं एनइपी 2020 की कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में एंगर फ्री क्लास रूम और नयी शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित की गयी। 14 दिसंबर 2022 को रांची सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स द्वारा सीबीपी- एंगर फ्री क्लास रूम और 15 दिसंबर 2022 को सीबीएसई सीओई पटना के द्वारा पीआरपी प्रोग्राम- नयी शिक्षा नीति 2020 आयोजित की गयी। पीआरपी कार्यक्रम में सीबीएसइ सीओइ सेक्शन ऑफीसर रंजीत कुमार उपस्थित थे। सीबीपी मे सहोदया विद्यालय के अध्यक्ष और उप जिला प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर समरजीत जाना, जवाहर विद्या मंदिर रांची के प्रधानाचार्य सहोदया स्कूल कॉन्प्लेक्स के कोषाध्यक्ष नीरज सिन्हा, फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ायी। एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग, दिल्ली के जनरल सेक्रेटरी डॉ संदीप कुमार और ब्लू बेल्स इंटरनेशनल, दिल्ली की स्पेशल एजुकेटर डॉ मुदिता यादव कार्यशाला की विशेषज्ञ थी। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने सत्र को सुचारू रूप से समापन करने के लिए विद्यालय के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमें सीखने और सिखाने के नूतन विकल्प प्राप्त होते हैं।



पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. 16-SBP-TRD-OT-2022-23, दिनांक - 13.12.2022

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के गोड़भगा ट्रैक्शन सबस्टेशन (TSS) एवं देवगांव रोड ट्रैक्शन सबस्टेशन (TSS) (विद्युत ट्रांसफॉर्मर, CBs एवं MBs की आपूर्ति को छोड़कर) में द्वितीय bay इक्विपमेन्ट के प्रावधान द्वारा ट्रैक्शन वितरण प्रणाली की वृद्धि।

अनुमानित लागत (रुपये में): 1,92,14,316.96, EMD (रुपये में) : 2,46,100/-, पूरा होने की अवधि : 08 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 04.01.2023 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर

PR-809/N/22-23

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की परिकल्पना अब ले रही आकार

# सामुदायिक निवेश प्राप्त एसएचजी की संख्या में छह गुना वृद्धि

**स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त चक्रीय निधि में ढाई गुना एवं सामुदायिक निवेश की राशि में चार गुना वृद्धि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की परिकल्पना अब धीरे-धीरे आकार ले रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जहां एक ओर ग्रामीणों के अनुरूप योजनाओं का सृजन हो रहा है। वहीं दूसरी ओर, सखी मंडल की महिलाओं की आजीविका समृद्धि हेतु उन्हें मजबूत आधार मिलने लगा है। विगत तीन वर्ष में इसके लिए अथक प्रयास हुए, जिसका प्रतिफल है कि सामुदायिक निवेश प्राप्त स्वयं सहायता समूहों की संख्या में छह गुना वृद्धि दर्ज की गयी है। 2012 से 2019 तक की अवधि में ऐसे समूहों की संख्या 31,496 थी, जबकि 2020 दिसंबर माह के बाद से अबतक इसकी संख्या 1,83,451 हो गयी। 2019-20 में 304, 2020-21 में 80,299, 2021-22 में 72051 एवं 2022-23 में अबतक यह संख्या 30,797 दर्ज की गई है।



**सामुदायिक निवेश और चक्रिय निधि की राशि में भी वृद्धि :** दिसंबर 2019 से लेकर अबतक सिर्फ सामुदायिक निवेश प्राप्त स्वयं सहायता समूहों की संख्या में ही वृद्धि दर्ज नहीं हुई है, बल्कि स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त चक्रीय निधि और सामुदायिक निवेश की राशि में भी वृद्धि हुई है। चक्रीय निधि के तहत स्वयं सहायता समूहों को 2012-19 के बीच 12437.1 लाख रुपये निर्गत हुए, वहीं विगत तीन वर्ष में दिसंबर 2019 से अबतक 27,949.9 लाख रुपये प्राप्त हुए। इस तरह करीब ढाई गुना अधिक राशि तीन वर्ष में विभिन्न समूहों को निर्गत किया गया। 2012-2019 तक 12437.1 रुपये निर्गत हुए। जबकि 2019-20 में 3560.4 लाख, 2020-21 में 17684.73 लाख, 2021-22 में 3542.59 लाख एवं 2022-23 में 3162.18 लाख रुपये चक्रिय निधि के तहत स्वयं सहायता समूहों के बीच अबतक वितरित किया गया है। सामुदायिक निवेश की राशि की में भी चार गुना वृद्धि विगत तीन वर्ष में आई है। 2012 से 2019 तक 20524.48 लाख रुपये सामुदायिक निवेश के तहत प्रदान किया गया था। वहीं, दिसंबर 2019 से अब तक 86,816.52 लाख रुपए स्वयं सहायता समूहों को दिया गया। इस तरह 2019-20 में 152 लाख, 2020-21 में 36,367.67 लाख, 2021-22 में 34,378.6 लाख एवं 2022-23 में 15,918.25 लाख रुपये सामुदायिक निवेश के तहत स्वयं सहायता समूहों को निर्गत हुआ है।

कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

Walk in Interview

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नामकुम, झारखंड, रांची के पत्रांक 1089 (MD), दिनांक 25.06.2020 के आलोक में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में योग कराने हेतु योग प्रशिक्षक की आवश्यकता है।

Walk in Interview की तिथि - 21.12.2022
समय - पूर्वाह्न 11.00 बजे।
स्थान - सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला।

योग प्रशिक्षक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक शर्तें

| क्र. सं. | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | योग प्रशिक्षक की योग्यता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स का होना या योगा सर्टिफिकेशन योग प्रशिक्षक होना अनिवार्य है। |
| 2 | पारिश्रमिक एवं अन्य शर्तें | ➢ योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सेशन के लिए रू0 250/- पारिश्रमिक (Honorarium) दिया जायेगा। ➢ प्रत्येक सत्र (Session) दो घंटे का होगा। ➢ योग सेशन आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के दिए गए मार्ग-दर्शिका के अनुरूप होगा। |

आवेदक अपना बायोडाटा, सभी आवश्यक दस्तावेज एवं एक पासपोर्ट साईज फोटो लेते आए।

ह./- असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

ज्ञापांक : 3461/ गुमला, दिनांक : 15/12/2022

# महंगाई को काबू करें

खुदरा महंगाई दर नवंबर में 5.9 फीसदी रही। इस साल जनवरी के बाद पहली बार यह 6 फीसदी से नीचे आयी है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की ओर से इसका अधिकतम लक्ष्य है। अगर यह 4 फीसदी तक आ जाये, तो रिजर्व बैंक और सरकार के लिए राहत की बात होगी। महंगाई दर नरम पड़ रही है और औद्योगिक ग्रोथ पर दबाव दिख रहा है। इसलिए रिजर्व बैंक को ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला रोक देना चाहिए। बेशक, आर्थिक ग्रोथ तेज रखने के लिए कर्ज का सस्ता होना जरूरी है, ताकि उद्यमी बैंकों से उधार लेकर निवेश करें। कर्ज सस्ता होता है, तभी कंस्यूमर भी खर्च बढ़ाते हैं। लेकिन अभी ब्याज दरों में बढ़ोतरी रोकने से क्या यह मकसद हासिल होगा? फिलहाल वैश्विक अर्थव्यवस्था की हालत ठीक नहीं है, जिससे ग्लोबल डिमांड में कमी आ रही है। अमेरिका और दूसरे विकसित देशों में चार दशकों के शिखर पर पहुंची महंगाई दर को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) जैसी संस्थाओं का कहना है कि इससे अगले साल ये देश मंदी की गिरफ्त में फंस सकते हैं। भारत की भी आर्थिक विकास दर वित्त वर्ष 2024 में मौजूदा वित्त वर्ष से कम रहने का अनुमान लगाया गया है। ऐसे में यह सवाल अहम हो जाता है कि जब वैश्विक और घरेलू डिमांड में कमी आ रही है, तब ब्याज दरों में बढ़ोतरी रोकने से कोई फायदा होगा? नवंबर में खुदरा महंगाई दर में कमी आने का मतलब यह नहीं है कि आने वाले महीनों में भी यह सिलसिला जारी रह सकता है। दरअसल, महंगाई दर में कमी सब्जियों के दाम घटने की वजह से आयी है, जबकि कोर इन्फ्लेशन (इसमें खाद्य और ईंधन को शामिल नहीं किया जाता) में सालाना आधार पर 6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जब तक इसमें कमी का ट्रेंड क्लीयर ना हो जाये, तब तक रिजर्व बैंक को सावधान रहना होगा। पिछले सात महीनों में उसने ब्याज दरों में 2.25 फीसदी की बढ़ोतरी की है। अक्सर मौद्रिक सख्ती का असर देरी से दिखता है। यह भी याद रखना होगा कि भारत आयातित महंगाई का सामना कर रहा है, जिस पर आरबीआइ का नियंत्रण नहीं है। कंस्यूमर नॉन-ड्यूरेबल सेग्मेंट की बिक्री में लगातार चार महीनों से गिरावट आ रही है, जो देश में कमजोर डिमांड का सबूत है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी रोकने भर से इसमें रिकवरी नहीं होगी। हां, एक बार महंगाई के नियंत्रण में आने के बाद अगर रिजर्व बैंक कर्ज सस्ता करता है, तो उससे कंस्यूमर सेटिंमेंट मजबूत होगा, डिमांड बढ़ेगी और उद्यमी निवेश भी बढ़ाएंगे। आरबीआइ को तब तक कोई जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए।

**आइएमएफ जैसी संस्थाओं का कहना है कि इससे अगले साल ये देश मंदी की गिरफ्त में फंस सकते हैं। भारत की भी आर्थिक विकास दर वित्त वर्ष 2024 में मौजूदा वित्त वर्ष से कम रहने का अनुमान लगाया गया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**13 दिसंबर को संसद में दिये वक्तव्य में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि चीन ने यांगत्से क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को एकतरफा ढंग से बदलने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने दृढ़ता से कार्रवाई कर उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। 15-16 जून 2020 की हिंसक गलवान झड़प के बाद भारतीय सेना पहले से अधिक चौकस और प्रतिकार हेतु तत्पर है।**

# आखिर सीमा पर चीन के नवीनतम दुराचार का कारण क्या

**बलबीर पुंज**



सीमा पर कुटिल चीन के हालिया दुस्साहस का कारण क्या है? डोकलाम (2017) और गलवान (2020-21) प्रकरण के बाद अरुणाचल प्रदेश के तवांग स्थित 17,000 फीट ऊंची यांगत्से चोटी पर 9 दिसंबर को चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सैनिकों ने भारतीय चौकी को हटाने के लिए जबरन भीतर घुसने का प्रयास क्यों किया? 13 दिसंबर को संसद में दिये वक्तव्य में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि चीन ने यांगत्से क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को एकतरफा ढंग से बदलने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने दृढ़ता से कार्रवाई कर उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। 15-16 जून 2020 की हिंसक गलवान झड़प के बाद भारतीय सेना पहले से अधिक चौकस और प्रतिकार हेतु तत्पर है।

तवांग घटनाक्रम इसका प्रमाण है, जिसमें बकौल मीडिया रिपोर्ट, भारतीय जवानों ने न केवल चीनी सैनिकों की घुसपैठ को विफल किया, अपितु अपने बाहुबल से कई पीएलए सैनिकों की हड्डियां तक तोड़ दीं। आखिर सीमा पर चीन के इस नवीनतम दुराचार का कारण क्या है? इसकी कई संभावना हो सकती है। इसमें से एक चीन की आंतरिक स्थिति का अच्छा नहीं होना है। प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से वैश्विक महामारी कोविड-19 संक्रमण के उद्गम-स्थल चीन में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने और चीन की जीरो कोरोना नीति (प्रभावहीन कोविड वैक्सीन सहित) विफल होने से बीते दिनों जनाक्रोश चरम पर पहुंच गया। चीन सरकार ने अपने अमानवीय वैचारिक दर्शन के अनुरूप, जो तीन वर्षों से सख्त (हालिया सहित) उपाय किये- उससे जनता में संयम का बांध एकाएक टूट गया।

**डोकलाम और गलवान के बाद चीन समझ चुका है कि वर्तमान भारत 1962 की पराजय मानसिकता से बाहर निकल चुका है।**

राजधानी बीजिंग के साथ 13 चीनी नगरों में स्थानीय लोग वामपंथी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आये। इस दौरान लोगों ने नारेबाजी करते हुए लॉकडाऊन हटाने और आजादी देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने प्रेस की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और आंदोलन की स्वतंत्रता आदि नारों के साथ राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पद से हटाने की मांग की। यह गुस्सा उन सरकारी नीतियों के खिलाफ है, जिससे चीन में दवा आपूर्ति के साथ आवश्यक दुकानों के साथ अन्य संस्थान ठप हो गये हैं। अधिकांश विक्रेताओं के बाहर लोगों की लंबी-लंबी कतार देखने को मिल रही है और जो दुकानें खुली भी हैं, वहां पर्याप्त वस्तुएं उपलब्ध नहीं हैं। लोगों में रोष के बाद चीन ने अपनी कोविड नीति में कुछ ढील देना प्रारंभ किया है।

इस पृष्ठभूमि में तवांग में उकसावे भरी हरकत, कहीं चीन में व्याप्त सरकार विरोधी असंतुष्टता से ध्यान हटाने हेतु उपक्रम तो नहीं? साम्राज्यवादी चीन का कपट न तो नया है और न ही यह उसके पड़ोसी देशों (भारत सहित) तक सीमित है। बीते दिनों ब्रिटेन ने चीन को लंदन स्थित एक ऐतिहासिक भवन के स्थान पर नया दूतावास बनाने से रोक दिया। यह क्षेत्र 5.4 एकड़ में फैले रॉयल मिंट कोर्ट में है, जिसे ब्रिटिश राजशाही ने वर्ष 2010 में एक कंपनी को बेच दिया था। वर्ष 2018 में चीन ने कंपनी से उसे खरीद लिया। लंदन में टॉवर हैमलेट्स बोरो परिषद के अधिकारियों की आपत्तियों के बाद ब्रिटिश सरकार ने चीन को सुपर-एंबेसी बनाने की अनुमति देने से मना कर दिया।

इससे पहले कनाडा के टोरंटो में अघोषित चीनी पुलिस थाने चलाये जाने का मामला सामने आया था, जिसमें विदेशी शक्ति द्वारा आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की जांच की जा रही है। नीदरलैंड में भी चीनी पुलिस थाने संचालित किये जाने का मामला सामने आ चुका है। सच तो यह है कि जिस मानसिकता से ग्रस्त होकर तानाशाह अडोल्फ हिटलर ने जर्मनी, इंगलैंड सहित अन्य देशों और अधिनायकवादी जोसेफ स्टालिन ने पूर्वी यूरोप के साथ किया था, उसी विकृत चिंतन से जकड़ कर निरंकुश चीन और उसके वर्तमान राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी योजनाओं को मूर्त रूप दे रहे हैं। स्वतंत्र भारत के संदर्भ में चीन 1960 के दशक से घात लगा कर औचक हमला करता रहा है, जिसमें उसने तत्कालीन भारतीय नेतृत्व की अदूरदर्शी-अकर्मण्य नीतियों का लाभ उठाकर कई अवसरों पर भारतीय भूखंड पर कब्जा भी जमा लिया।

वर्ष 1962 के युद्ध में भारत की शर्मनाक पराजय और उसके बाद वर्षों तक एलएसी के निकट क्षेत्र को अविकसित रखने का विचार-इसका प्रमाण है। तवांग संघर्ष का तीसरा संभावित कारण यह भी हो सकता है कि चीन नये भारत को समझने की कोशिश कर रहा है। डोकलाम और गलवान के बाद चीन समझ चुका है कि वर्तमान भारत 1962 की पराजय मानसिकता से बाहर निकल चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता और अखंडता के प्रति शून्य-सहनशील नीति अपनायी जा रही है। इसी संबंध में वर्तमान सरकार सीमा पर-विशेषकर एलएसी पर वांछनीय और अत्यंत आवश्यक आधारभूत संरचनाओं (सैन्य सहित) का विस्तार कर रही है।

कई अन्य परियोजनाओं के साथ 14,032 करोड़ रुपये की लागत से 2,000 किलोमीटर लंबे अरुणाचल फ्रंटियर हाइवे का निर्माण किया जा रहा है। इससे भारतीय सेना का आपातकाल में सीमा तक पहुंचना सुगम हो जायेगा। एलएसी के पास सीमा सड़क संगठन ने पिछले 5 वर्षों में 2089 किलोमीटर सड़क का विस्तार किया है। वर्ष 2020-21 का गलवान मामला भारत द्वारा सड़क निर्माण के विरुद्ध चीनी बौखलाहट का परिणाम था। हालिया तवांग प्रकरण से 9 दिन पहले चीन ने औली में भारत-अमेरिका युद्धाभ्यास पर भृकुटी चढ़ा ली थी। चीन को लेकर कुछ संदेश स्पष्ट है। पहला-कुटिल चीन सीमा विवाद का हल वार्ता के बजाय सैन्य हस्तक्षेप से करना चाहता है।

दूसरा-भारत-अमेरिका के बीच बढ़ती घनिष्ठता से चीन कुंठित है और उसकी काट हेतु चीन, भारत के सदाबहार मित्र रूस से निकटता बढ़ा रहा है। तीसरा-भारत को सीमा पर अपनी सैन्य क्षमता को दुर्जेय बनाना होगा। इसके साथ एलएसी पर आधारभूत ढांचे को चीनी निर्माण के समकक्ष करना होगा। चौथा-भारत को चीन पर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निर्भरता कम करनी होगी। 12 दिसंबर को भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में 174 चीनी कंपनियां, विदेशी कंपनियों के रूप में पंजीकृत हैं, तो 3,560 कंपनियों में निदेशक चीनी हैं। क्या बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत इस स्थिति को बदल पायेगा?

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार, पूर्व राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय-उपाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### भाजपा नेता विकास सिंह के घर पहुंचने वालों का लगा तांता, सभी ने मिल कर जतायी एकजुटता

# प्रशासन की कार्रवाई की सभी ने की निंदा, पता नहीं था कि इतने लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है: पूनम सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस के भाजपा नेता विकास सिंह के घर देर रात पहुंचने एवं उनके परिजनों को प्रताड़ित करने को लेकर लोगों में भारी गुस्सा है। इसको लेकर विभिन्न संगठनों के लोगों का विकास सिंह के घर पहुंच कर उनके परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिलाने का सिलसिला गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। लोगों में विकास सिंह के घर किसी आतंकवादी या पेशेवर अपराधी की तरह देर रात छापामारी किये जाने को लेकर गुस्सा है। विकास सिंह के घर पहुंच रहे लोगों ने उनकी पत्नी से मुलाकात कर उनकी हिम्मत बढ़ाई एवं हर हाल में उनके साथ रहने का भरोसा दिलाया। अखिल भारतीय क्षत्रिय संघ वएवं झारखंड क्षत्रिय संघ के करीब दो सौ सदस्य क्रमशः चंद्रगुप्त सिंह एवं शंभु सिंह के नेतृत्व में विकास सिंह की पत्नी एवं बच्चों से मिले एवं उनसे मामले की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन की बर्बरता की निंदा करते हुए उस पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के दबाव में कार्य करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा आये दिन सड़क पर अपराधियों के तांडव के बाद भी पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। जबकि लगातार सड़कों पर राजनीतिक-सामाजिक कार्य करनेवाले विकास सिंह के घर पर रात में छापामारी की जाती है, जो कहीं न कहीं पुलिस की गंदी मानसिकता बताती है। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मिलकर उनके समक्ष भी अपनी बातें रखी। उधर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं महामंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों के साथ पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी उनके घर पहुंच कर उनके साथ पार्टी की एकजुटता प्रदर्शित की। विकास सिंह की पत्नी पूनम सिंह ने कहा कि उन्हें पता नहीं था कि उन्हें इतने लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है। वह तो खुद को अकेला महसूस कर रही थीं।

### ये रहे शामिल

विकास सिंह के घर पहुंचनेवाले मुख्य लोगों में चंद्रगुप्त सिंह, शंभु सिंह, राजन सिंह, नंदकिशोर सिंह, दिनेश कुमार, राकेश सिंह, मोहम्मद निसार, अमरिंदर पासवान, अमरजीत सिंह राजा, प्रो यूपी सिंह, मंजू सिंह, कविता परमार, राजीव सिंह, लालचंद सिंह, अमर सिंह, विनय सिंह, मृत्युंजय सिंह, महानगर आजसू अध्यक्ष कन्हैया सिंह, अनूप सिंह, संजय तिवारी, बॉबी सिंह, संजय सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# आसमान में दिखी रहस्यमयी रोशनी, कहीं दूसरी दुनिया से धरती पर नजर तो नहीं रख रहे एलियन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गालूडीह।** गुरुवार की रात लोगों को एक बेहद अजीब और अनोखा नजारा देखने को मिला। गुरुवार की रात घाटशिला प्रखंड के गालूडीह समेत कुछ अन्य जगहों में आसमान में एक बड़ी टॉर्च जैसी रोशनी दिखाई दी। आसमान में अजीबोगरीब रोशनी की एक लाइन दिखी। जिसे देखकर लोग दहशत में आ गये। लोग इस रोशनी को देखकर लोग हैरान रह गये। इस घटना को देखने के बाद गालूडीह आसपास क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोगों ने इसे खगोलीय घटना बता रहा है। कुछ लोगों ने तो यहां तक कह दिया कि यह एक अज्ञात उड़ने वाली वस्तु एलियन हो सकती है। आसमान में दिखाई देने वाली इस रोशनी को कई लोगों ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड भी कर लिया। इसके अलावा कई लोगों ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये भी इस घटना के वीडियो को शेयर कर रहे है। जिसके बाद इस घटना का वीडियो देखते ही देखते काफी वायरल भी हो रहा है। हालांकि अभी तक घटना के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि यह कोई खगोलीय घटना था या कुछ और।

# चाकुलिया के रेंगड़ापहाड़ी गांव में सिदो-कान्हू सांस्कृतिक भवन में खुलेगा पुस्तकालय: समीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड की बिरदोह पंचायत के रेंगड़पाहाड़ी गांव के सिदो- कान्हू सांस्कृतिक भवन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक समीर महंती ने कहा कि गांव की शैक्षणिक वातावरण बहुत ही अच्छा है। इसे ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र खोलने की विचार-विमर्श किया गया है। इसके साथ गांव की सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। विधायक श्री महंती ने अपने विधायक निधि से सिदू कान्हू सांस्कृतिक भवन सह खेल एवं मनोरंजन सामग्री 2 फुटबॉल, 2 क्रिकेट बेट सह गैंद, कैरम बोर्ड, एलसीडी टीवी, चेयर-टेबल, दरी, शतरंज, 2 मादर, 2 धमसा, 1 नागड़ा, घंटी आदि सामान उपलब्ध कराया। सामग्री मिलने पर युवाओं में हर्ष व्याप्त है। मौके पर प्रखंड प्रमुख धनंजय करुणामय, 20 सूत्री अध्यक्ष साहेबराम मांडी, रुद्र प्रताव महतो, राजेश्वर महतो, चंदन करुणामय, क्लब के अध्यक्ष बुद्धेश्वर माहली, खोकन माहली, विश्वजीत माहली, बैद्यनाथ माहली, मोहीत महतो, मानिक हेंब्रम, सिकंदर सोरेन, गौराचांद माहली, प्रभु हांसदा, चंद्रेश्वर करुणामय, रिंकू मुर्मू, मोतीलाल माहली समेत अन्य उपस्थित थे।

### पद्मश्री संतोष यादव ने फिर दिखाया दृढ़ संकल्प

# पिता के निधन की खबर मिलने पर भी बच्चों संग किया संवाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** माउंट एवरेस्ट पर दो बार चढ़ने वाली विश्व की प्रथम महिला संतोष यादव ने एक बार फिर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पिता के निधन की दुखद खबर पाने के बावजूद उन्होंने धैर्य एवं संयम दिखाते हुए बच्चों के साथ पूर्व निर्धारित संवाद का कार्यक्रम किया। दरअसल, पर्वतारोही संतोष यादव गुरुवार को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत चाकुलिया स्थित रामकृष्ण विवेकानंद स्कूल के आमंत्रण पर विद्यालय के बच्चों को प्रोत्साहित करने एवं उनसे संवाद करने आयी थीं।



### पिता के निधन की खबर सुनकर भी रहीं संयमित

गुरुवार को सुबह 8 बजे जैसे ही विद्यालय की असेंबली शुरू हुई, ठीक उसी समय संतोष यादव को मोबाइल पर पिता राम सिंह यादव के निधन की दुखद खबर मिली। यह सुनकर विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र मायूस हो गए। उन्हें लगा कि अब शायद संतोष यादव उनसे संवाद नहीं कर पायेंगी। मगर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प के बल पर दो बार दुनिया की सबसे ऊंची पहाड़ की चोटी को फतह करने वाली संतोष यादव ने खुद को काफी शांत एवं संयमित बनाये रखा।

### उनके आत्म बल और धैर्य ने सबको चौंकाया

उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक ना केवल शिक्षकों एवं छात्रों को प्रोत्साहित किया, बल्कि बच्चों को जीवन में सफलता पाने के कई मंत्र भी बतायें। संतोष यादव का धैर्य, संयम एवं आत्म बल देख सभी लोग चकित रह गये। इसके बाद वे सड़क मार्ग से रांची के लिए निकल पड़ी जहां से वह हवाई मार्ग से दिल्ली जायेंगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की खाद्यान प्रतिष्ठानों व दुकानों की जांच



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के मुख्य बाजार में अनुमंडल पदाधिकारी रामनारायण सिंह के निर्देशानुसार जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज ने विभिन्न खाद्यान प्रतिष्ठानों, दुकानों की जांच पड़ताल की। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा जांच की खबर सुनते ही कई खाद्य प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर चंपत हो गए और अफरा-तफरी मच गई। पदाधिकारी अंजना रानी मिंज ने कहा कि खाद्यान्न रखरखाव एवं अंकित एक्सपायरी डेट की जांच की गयी। कुछ दुकानों से सरसों तेल का सैंपल लिया गया। जांच के लिए इसे खाद्य प्रयोगशाला रांची भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट में मिलावट मिलने पर संबंधित लोगों पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करने की बात जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा कही गई। उन्होंने बताया कि सभी दुकानदारों को सही तरीके से सामग्री के रखरखाव और गुणवत्ता पर ध्यान देने की हिदायत दी है। इस अवसर पर अन्य लोग उपस्थित थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मुखिया व बीडीसी ने बच्चों के बीच किया पोशाक का वितरण



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घघरी में मुखिया सरोज देवी व बीडीसी सविता देवी ने संयुक्त रूप से वर्ग एक व दो में पढ़ने वाले बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवनंदन यादव ने बताया कि सरकार के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले एक से दूसरा वर्ग में पढाई करने वाले प्रति छात्र दो सेट पोशाक स्वेटर व जूता उपलब्ध कराया गया है, जबकि वर्ग तीन से वर्ग आठ में पढ़ने वाले सभी छत्रों को पोशाक के लिए बैंक के माध्यम से खाता में पैसा भेजा जाएगा। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने उपलब्ध कराये गये पोशाक, स्वेटर व जूते को देखने के बाद इसे एक दम घटिया बताते हुए स्कूल प्रबंधन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध राशि का सीधे दुरुपयोग हो रहा है। इसे एक बार साफ करने के बाद दुबारा पहनने के लायक नहीं रह पाएगा। इसपर प्रधानाध्यापक देवनंदन यादव ने कहा कि हम लोगों को बीआरसी के माध्यम से सामग्री मिली है, उसी को वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर अन्य के अलावा वार्ड सदस्य सोनू कुमार यादव, अशोक कुमार, लालमोहन गुप्ता, रविन्द्र बैठा, रमेश जायसवाल, धर्मनन भुइयां, दिनेश राम, रामसागर विश्वकर्मा व सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने मझिगावां पंचायत में रहने वाले दस मुसहर परिवारों के बीच कराया कंबल का वितरण



**कांडी (आजाद सिपाही)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी मनोज कुमार तिवारी के द्वारा गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत में रहने वाले दस मुसहर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। पूर्व में प्रखंड कार्यालय से मिले कंबल को मझिगावां मुखिया के द्वारा मुसहरों के बीच वितरण किया गया था, परंतु उसके पश्चात कुछ परिवार कंबल से वंचित रह गए थे। जिन्हें गुरुवार को वितरण किया गया। बीडीओ ने उनकी स्थिति को जाना तथा तुरंत ही आधार कार्ड बनवाने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ करायी परन्तु टेक्निकल समस्या के कारण मौके पर आधार कार्ड नहीं बन पाया। उसके पश्चात उन्होंने मुसहर परिवार में गुजर बसर करने वाले नन्हे नन्हे बच्चों का अविलंब ही विद्यालय में प्रवेश कराने का निर्देश दिया ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रह सके। उसके पश्चात उन्होंने सभी मुसहरों को शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पर बुलाया ताकि उनका राशन कार्ड जल्द ही बनाया जा सके व सरकार के द्वारा दिया जाने वाले राशन का लाभ सभी परिवार ले सकें। मौके पर पंचायत सचिव राजेन्द्र राम, रोजगार सेवक राजेश शुक्ला, मुखिया पति शंभूनाथ साह, आधार ऑपरेटर शाहिद अंसारी, ग्रामीण जितेंद्र चौबे उपस्थित थे।

## शराब पीकर स्कूल आने के आरोपी शिक्षक निलंबित

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शराब पीकर स्कूल जाने के आरोप में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी का शिक्षक बबन सिंह निलंबित हुआ। उक्त बातों की पुष्टि करते हुए बीपीओ रविन्द्र मेहता ने बताया कि शिक्षा सचिव के. रवि कुमार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में उक्त कार्रवाई हुई है। बताया कि निलम्बन अवधि में शिक्षक बबन सिंह को बीआरसी नगर उंटारी में उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। विदित हो कि भवनाथपुर प्रखंड की शैक्षिक गतिविधि निरीक्षण को लेकर बीते 21 नवंबर को शिक्षा सचिव का आगमन भवनाथपुर हुआ था। विद्यालय निरीक्षण के क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी के शिक्षक एवं बच्चों के साथ ग्रामीणों ने भी शिक्षक बबन सिंह द्वारा शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत की थी। शिक्षा सचिव ने मौके पर ही डीईओ एवं बीईईओ को उक्त शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए निलम्बन के साथ प्रपत्र क गठित करने का निर्देश दिया था।

### तेंदुए का आतंक : भंडरिया थाना क्षेत्र के रोदो गांव में तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत

# तेंदुए ने छह वर्षीय बच्चे को मारकर बनाया अपना आहार

- घर से 100 फीट दूरी पर बच्चे के शव का कुछ हिस्सा मिला
- एक दिन पूर्व दो बच्चियों को किया था घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरिया।** भंडरिया थाना क्षेत्र के बिजका पंचायत अंतर्गत रोदो गांव में बुधवार की देर शाम एक तेंदुए ने जंगल से बस्ती में आकर एक छह वर्षीय बच्चे पर हमला कर के उसे मौत के घाट उतार दिया तथा मृतक बच्चे के शव को अपना आहार बना लिया। यह हृदय विदारक घटना आसपास इलाकों में आग की तरह फैल गई तथा लोगों का हुजूम घटनास्थल पर उमड़ पड़ा। बच्चे का शव देख हर कोई आश्चर्यचकित है।

जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि रोदो गांव निवासी ब्रह्मदेव तुरिया का छह वर्षीय पुत्र विक्रम तुरी बुधवार की शाम लगभग 5:30 बजे घर के बाहर अकेला खेल रहा था। कुछ देर बाद बच्चा गायब हो गया। परिजनों के द्वारा बच्चे की



### वन विभाग ने दी तत्काल सहायता राशि

सूचना मिलते ही वन कर्मी भी अपने दल बल के साथ रोदो गांव पहुंच घटना की जानकारी ली तथा तत्काल सहायता के रूप में मृतक के पिता को 10,000 रुपये नगद राशि प्रदान की तथा तेंदुए के द्वारा छोटे बच्चे पर हमला कर जान लेने की पुष्टि की। वनरक्षी कमलेश कुमार ने कहा कि सरकारी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सरकार के द्वारा मिलने वाले सभी लाभ मृतक के परिजनों को दिया जाएगा।

खोजबीन शुरू कर दी गई। लेकिन उसका कहीं कोई अता पता नहीं चला। सुबह खोजबीन के क्रम में घर से 100 फीट दूरी पर एक झाड़ी में बच्चे का धड़ से अलग सिर का क्षत-विक्षत आधा भाग तथा दोनों पैर का कुछ भाग देखने को मिला। ग्रामीणों के द्वारा तत्काल इसकी सूचना भडरिया थाने को दी गई। भंडरिया पुलिस सब इंस्पेक्टर रंजीत महतो के नेतृत्व में घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी ली तथा क्षत-विक्षत शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। बच्चा गायब होने के 15 मिनट पहले गांव की ही दीप नारायण यादव के द्वारा गांव में तेंदुए को देखा गया था। उसके पहले गांव के ही बैजनाथ यादव के एक भैंस के बच्चे पर तेंदुए के द्वारा हमला किया गया था। चरवाहा के द्वारा हल्ला करने पर तेंदुआ वहां से भाग गया था। जानकारी मिलने के बाद सीओ मदन महली ने भी घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी ली तथा मृतक के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। तेंदुए के द्वारा गांव में आकर इस तरह की घटना को अंजाम देने के बाद आस-पास के गांव के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया है। लोग मवेशी चराने के लिए भी जंगल जाने से कतरा रहे हैं।

एक दिन पूर्व मंगलवार की शाम बिजका गांव निवासी बृजनाथ सिंह की आठ वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी व गांव के ही नंदेव सिंह की आठ वर्षीय पुत्री रितिका कुमारी पर भी उक्त तेंदुआ के द्वारा हमला किया गया था। जिसमें दोनों बच्चियां घायल हो गयी थी। हमला के समय ग्रामीणों के द्वारा हो हल्ला करने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया था। परिजनों के द्वारा उपचार के लिए दोंनो घायल बच्चियों को बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया था। जहां चिकित्सकों के द्वारा दोनों घायलों का इलाज कर घर वापस भेजा गया।

## वन भूमि पर आश्रित परिवार को जगाओ महारैली सह धरना प्रदर्शन का आयोजन



- प्रदर्शन के बाद बीडीओ-सीओ को सौंपा 13 सूत्री मांग पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड कार्यालय परिसर में भारतीय आदिवासी विकास परिषद गढ़वा के तत्वावधान में वन भूमि पर आश्रित परिवार को जगाओ महारैली सह धरना प्रदर्शन किया गया। रैली में भारतीय आदिवासी विकास परिषद, भारतीय भुइयां विकास परिषद, भारतीय बुनयादी विकास मंच, झारखंड जन संघर्ष मोर्चा, भारतीय आदिम जनजाति विकास परिषद पलामू प्रमंडल के बैनर तले सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए।

महारैली में जान दे देंगे लेकिन जमीन नही देंगे आदि नारों के साथ विशुनपुरा मुख्यालय के राजकीय मध्य विद्यालय से चलकर अपर बाजार, लाल चौक, संध्या मोड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गयी। लोगों ने गैरमजरूआ लाल पर्चा बंदोबस्ती जमीन को ऑनलाइन करते हुए रसीद दो, वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं 2008 के तहत वन पर आश्रित परिवार को वन पट्टा सुनिश्चित करो, गरीब, भुइयां, आदिवासी, आदिम जनजाति की हड़पी हुई जमीन को वापस करो, जन वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाले राशन का घोटाला डीलरों के द्वारा किया गया है उसकी जांच करो, विधवा, विकलांग, वृद्धा, पेंशन देय राशि एक हजार रुपये प्रतिमाह को बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रतिमाह लागू करो, अभी तक जिन गरीब, मजदूर, किसान, दलित, आदिवासी का राशन कार्ड नहीं बन पाया है, उनका राशन कार्ड यथाशीघ्र बनाने सहित तेरह सूत्री मांग पत्र सीओ निधि रजवार एवं बीडीओ हीरक मन्ना केरकट्टा को सौंपा। मौके पर अमीरका परहिया, सुरेंदर परहिया, रामनाथ परहिया, शिवकुमार परहिया, जगदेव सिंह, रुक्नारायन भुइयां, भोला भुइयां, भिखारी सिंह, मोती देवी, ललिता देवी, अनार कली देवी, मानपति कुंवर, लालती देवी, कलावती देवी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## डीडीसी ने प्रखंड में मनरेगा योजना से चल रही विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

- मनरेगा के कार्यों पर जताया असंतोष, बीडीओ व बीपीओ पर स्पष्टीकरण करने की बात कही

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रमना।** जिला उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने प्रखंड में मनरेगा योजना से चल रहे विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण गुरुवार को किया। निरीक्षण के क्रम में बहियार खुर्द स्थित बाई बांकी नदी के समीप आम बागवानी योजना का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं इस दौरान बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी ने डीडीसी के समक्ष आम बागवानी में तार की घेराबंदी कराने की मांग की। जिस पर सहमति जताते हुए तार घेराबंदी कराने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के बाद डीडीसी राजेश कुमार राय ने मनरेगा के कार्यों में असंतोष जताते हुए बताया कि जिले को सुखाड़ ग्रस्त से निपटने को लेकर सभी प्रखंड के बीडीओ व बीपीओ को प्रत्येक गांव में कम से कम पांच मनरेगा योजनाओं को जारी रखने का निर्देश दिया गया था, ताकि मजदूरों को रोजगार मिलता रहे। लेकिन बीडीओ की उदासीनता के कारण नये कार्य नहीं देखने को मिले। उन्होंने बीडीओ व बीपीओ पर स्पष्टीकरण करने की बात कही। वहीं प्रखंड के मड़वानिया पंचायत के कोरगा गांव में बन रहे पीएम आवास योजना का निरीक्षण किया। पीएम आवास कार्यों में संतोषजनक पाते हुए और तेजी लाने का निर्देश दिया।

मौके पर बीपीओ रोहित शुक्ला, मड़वानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, पंचायत सचिव प्रवीण दुबे, रोजगार सेवक आलोक तिवारी, जेई असलेश तिवारी, स्वयंसेवक सुरेंद्र यादव, रोजगार सेवक मौजूद थे।

## नगर परिषद अध्यक्ष ने किया रोड स्वीपिंग मशीन का उद्घाटन

- कहा- अब नगर परिषद क्षेत्र के व्यवसाइयों को दुकानों में धूल से मिलेगी निजात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** नगर परिषद गढ़वा ने मेन रोड से लेकर जितने भी शहर में कालीकरण, पीसीसी पक्की रोड है उससे धूल से निजात दिलाने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन की खरीदारी की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी ने बताया कि अब शहर में धूल को इसी मशीन के द्वारा सफाई की जाएगी। इस मशीन में बहुत तरह की सुविधा दी गई है। पानी का फव्वारा की भी इसमें व्यवस्था की गयी है। अब जो भी व्यवसायियों को दुकान में धूल का सामना करना पड़ता था नगर परिषद के द्वारा इस मशीन की खरीदारी कर धूल उड़ने पर विराम लगा दिया जायेगा। आज इस मशीन का उद्घाटन नगर परिषद के अध्यक्ष पिंकी केसरी व कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने विशेष पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़कर किया। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि अब नगर परिषद क्षेत्र में बड़े शहरों की तर्ज पर हर प्रकार की सुविधा शहर वासियों को मिलेगी। मौके पर वार्ड पार्षद विनोद कुमार, सविता देवी, मीरा कुमारी, गजाला सिद्दीकी, वार्ड प्रतिनिधि मुन्ना मोबाइल, बंधु राम, सुरेंद्र कश्यप, अप्पू हसन, मुकेश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, सिटी प्रबंधक ओमकार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

आम सूचना

त्वरित कारवाई स्वच्छता दल (Quick Response Sanitation Team) का गठन

झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत वार्डो, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर साफ–सफाई, कचड़ा उठाव एवं निष्पादन तथा स्वच्छता संबंधित अन्य समस्याओं के ससमय निष्पादन हेतु त्वरित कारवाई स्वच्छता दल (Quick Response Sanitation Team [QRST]) का गठन किया गया है। सभी नागरिकों से अपील है कि नीचे उपलब्ध कराये गये मोबाईल नं0 एवं WhatsApp No. पर साफ–सफाई हेतु चिन्हित स्थल का पता फोटोग्राफ सहित उपलब्ध करायेगें। सूचना प्राप्ति होते ही QRST द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए पृथक वाहन एवं सफाई मित्रों द्वारा उक्त स्थल की साफ–सफाई सुनिश्चित करते हुए समस्या का समयबद्ध निष्पादन किया जायगा।

| Quick Response Sanitation Team [QRST] को स्वच्छता संबंधी शिकायतों के विषय में सूचना एवं फोटोग्राफ निम्न मोबाईल नं0 पर उपलब्ध करायें। | |
|---|---|
| मोबाईल नं0 / WhatsApp No. 9304076837 | समयावधि :– सभी कार्य दिवस पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 5.00 बजे तक। |

ससमय समस्या का समाधान नहीं होने पर QRST सुपरवाईजर बिनोद कुमार यादव, मोबाईल नं0 9631103104 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 285091 (Urban Development)22-23*D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सं0 :– RDD/SD/HZB/23/2022-23

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/23/2022-23 | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव, पंचायत सिरमा, ग्राम पडरिया में हहारो नदी में Retaining Wall निर्माण। | 9876600.00 | 198000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रका  ान की तिथि :– 19.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19.12.2022 से 27.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 28.12.2022 अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 29.12.2022 अपराह्न 02.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–8986648686
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 285137 (Rural Development)22-23*D

### संजीवनी क्लिनिक का कारनामा : उपायुक्त के निर्देश की उड़ायी जा रही धज्जियां

# खेत में लेटाकर कैंसर पीड़ित मरीज का झोलाछाप डाक्टर कर रहे इलाज

- घटना स्थल की जांच कर सीओ ने डॉक्टर बी. शर्मा को भेजा नोटिस

**अमित कुमार**





**मझिआंव।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश के बावजूद झोलाछाप डाक्टरों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिन मझिआंव सुंडीपुर मुख्य पथ पर संजीवनी क्लिनिक के संचालक डा. बी शर्मा की ओर से खेत में लेटाकर मरीज का इलाज करने का मामला प्रकाश में आया था। जिस स्थल पर मरीज का इलाज किया जा रहा था वहां समीप में कचरे का ढेर भी लगा हुआ था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर मरीज नगर पंचायत क्षेत्र के अखौरीताहले गांव निवासी स्व. सुदामा राम के पुत्र अरविंद कुमार चंद्रवंशी को अपने दलालों के माध्यम से अपनी संजीवनी क्लीनिक में बुलाया था और चोरी-छिपे खेत में लेटाकर कैंसर पीड़ित मरीज का इलाज कर रहा था। उस दौरान मरीज को दो लोग हाथ-पैर पकड़े हुए थे। मरीज कष्ट की व्याकुलता से कभी-कभी चिल्ला उठता तो कभी सुस्त पड़ जाता है। आते-जाते राहगीरों को इसकी जानकारी होने पर चर्चा पूरे प्रखंड क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। तत्पश्चात मामला अंचल पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के संज्ञान में आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर अंचल निरीक्षक धनलाल उरांव को भेजकर जांच कराकर चिकित्सक को फटकार भी लगायी थी और डॉक्टर बी शर्मा को अधिकृत डिग्री सर्टिफिकेट दिखाने का निर्देश 24 घंटे के अंदर दिया है। साथ ही कार्रवाई करने की बात कही गई।

उक्त घटना डा. अनिल कुमार, सिविल सर्जन गढ़वा के संज्ञान में आने के बाद डिफाल्टर चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही गई है।

बताते चलें कि उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार 9 फरवरी 2022 को सभी अवैध रूप से क्लिनिक संचालित करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया था। उस दौरान सभी को उपायुक्त द्वारा सख्त चेतावनी दी गई थी। परंतु उपायुक्त के निर्देश की अवहेलना करते हुए संजीवनी क्लीनिक के संचालक डा. बी शर्मा द्वारा मनमानी करते मरीज को बरगला कर क्लिनिक के बगल के खेत में मरीज को लेटाकर कैंसर का इलाज किया जा रहा है।

इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ ने बताया कि डॉक्टर बी शर्मा के द्वारा जरूरी कागजात जमा किया गया है और उसकी जांच करायी जायेगी।

झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 24/RI/2022-23/RWD/RANCHI
दिनांक :- 15.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/RANCHI/03/2022-23 | पंचायत नारो मदर डेयरी से टिकराटोली खास होते हुए कुदलौंग तक एवं टिकराटोली खास से स्वर्णरेखा नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.050 कि0मी0) | 2,82,08,834.00 | दो करोड़ बेरासी लाख आठ हजार आठ सौ चौंतीस रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 21.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 02.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 03.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 04.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, राँची के पक्ष में एवं राँची में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 285088 Rural Work Department (22-23)_D

## रांची डीसी ने किया तमाड़ का दौरा, विभिन्न जगहों पर जाकर दिये दिशा-निर्देश

# जमीन के बदले मुआवजा नहीं पानेवाले रैयतों को शीघ्र मिलेगा भुगतान : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को तमाड़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों व अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही रांची-टाटा पथ पर राइडीह फ्लाई ओवर निर्माण में जमीन देने वाले रैयतों से भी बात कर जिन्हें जमीन के बदले राशि का भुगतान नहीं हुआ है उन्हें शीघ्र ही भुगतान करने की बात कही। डीसी सबसे पहले तमाड़ के एकलव्य विद्यालय पहुंचे। वहां प्रबंधकों से बात कर जानकारी ली। साथ ही कहीं-कहीं दिशा निर्देश भी दिया। इसके बाद आइटीआइ परिसर पहुंचे। जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों से मिले और जानकारी ली। इसके बाद प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे डीसी का छात्राओं ने भव्य स्वागत भी किया। यहां से डीसी तमाड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सा प्रभारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा। हालांकि डीसी के दौरा के कारण सभी जगहों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया था। अंत में डीसी ने अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। वहां बरसात में गिरी चाहरदीवारी को जल्द बनाने का निर्देश दिया। विद्यालय परिसर में जिप सदस्य ने डीसी से शिकायत की कि प्रधानाध्यापक का चरित्र ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने प्रधानाध्यापक को स्कूल से हटाने की भी मांग की। इसके बाद डीसी दिवड़ी मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। इस मौके पर एसडीओ अजय कुमार साहू, डीएसपी अजय कुमार, तमाड़ बीडीओ गिरजा शंकर महतो, सीओ विमल सोरेन व थाना प्रभारी दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।


नृत्य प्रस्तुत कर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा का स्वागत करती छात्राएं।

### सांसद प्रतिनिधि ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने रांची डीसी से मुलाकात कर जनहित में एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में स्थानीय बच्चों को 25 फीसदी नामांकन में प्राथमिकता देने, तमाड़, बुंडू में बालू घाटों की जल्द नीलामी कर जनहित में जल्द बालू घाटों को चालू करने, फोर लेन में पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि भुगतान, प्रखंड व अंचल में भ्रष्टाचार रोकने आदि शामिल हैं।

# पिपरवार में सीसीएल कर्मचारी के घर अपराधियों ने की अंधाधुंध गोलीबारी

## राजधर साइडिंग में चल रहे टाटा पावर कंपनी का काम बंद करने की चेतावनी

**दहशत में परिवार व ग्रामीण, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ अपराधियों का तांडव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी सीसीएल कर्मचारी मोहम्मद असलम के घर बुधवार की रात अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर क्षेत्र में दहशत फैला दी। घटना के समय असलम घर में मौजूद नहीं थे। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात तीन बाइक पर सवार होकर आए छह नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने सबसे पहले घर का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। जब दरवाजा नहीं खुला तो असलम के घर पर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। ग्रामीणों की मानें तो हमलावरों ने 10-15 राउंड गोलीबारी की है। वे असलम को तलाश रहे थे। इस बीच पिपरवार के राजधर साईडिंग में चल रहे टाटा पावर कंपनी का काम बंद करने की चेतावनी देते हुए सभी अपराधी चले गये। हालांकि हमलावरों का उत्पात घर में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। इधर, घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार तुरंत मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मौके से कारतूस के कई खोखा भी बरामद किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। उधर, गोलीकांड के बाद से असलम के परिवार और बहेरा गांव में दहशत है। सुरक्षा की मांग को लेकर राजधर साईडिंग का काम भी बंद हो गया है। पुलिस ने असलम के घर सुरक्षा बढ़ा दी है।



### जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे अपराधी : थाना प्रभारी

पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में रातभर इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। पिपरवार थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान की जा रही है। पुलिस छापामारी कर रही है। जल्द ही इस घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर पिपरवार थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# बुंडू में शिविका शिल्प कला केंद्र का डीसी ने किया निरीक्षण, कार्यों को देख हुए संतुष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा गुरुवार को बुंडू में शिविका शिल्प कला केंद्र का निरीक्षण किया। यहां बांस से बनने वाली सामग्रियों को नई तकनीकी मशीनों से बनाए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण कारीगर द्वारा किए जा रहे कार्यों को देख कर डीसी ने संतोष प्रकट किया। इस दौरान उक्त केंद्र के सचिव संतोष आनंद ने बताया कि इस शिविका कला केंद्र से स्थानीय ग्रामीणों को प्रशिक्षण देकर बांस से नई तकनीकी मशीन द्वारा विभिन्न तरह के आकर्षक घरेलू एवं सज्जा की सामग्री बनाकर बाजार में बिक्री करने की व्यवस्था है। इसके बाद डीसी ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार पासवान को नियमित रूप से ट्रामा सेंटर चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने ने बुंडू के कुपोषित उपचार केंद्र में बच्चों की संख्या में कमी देख उपाधीक्षक को अनुमंडल क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मी के माध्यम से जानकारी देकर कुपोषित बच्चों को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों की मांग पर बुंडू के पुराने और नए अनुमंडल भवन में चिकित्सा व्यवस्था को ठीक करने, डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित ड्यूटी कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर एसडीओ अजय कुमार साव, डीएसपी अजय कुमार, अंचल अधिकारी राजेश कुमार डुंगडुग, बीडीओ संध्या मुंडू, इंस्पेक्टर पंकज भूषण आदि मौजूद थे।

# पीएलएफआइ के दो उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के जोनल कमांडर सुखराम गुड़िया दस्ते के दो सक्रिय उग्रवादियों पुलिस ने बुधवार को रनिया थाना क्षेत्र के जाराकेल जंगल से गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सुलेमान सुरीन उर्फ सुले (23) और बुधराम मुंडू उर्फ बासु (20) के रूप में हुई है। बुधराम रनिया थाना के रंगरोड़ी सरना टोली और सुलेमान मुरहू थाना के तुरंग गांव का रहने वाला है। उनके पास से 315 बोर के दो जिंदा कारतूस, पीएलएफआइ का पर्चा, 10,500 रुपया नकद, दो बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया है। इसकी जानकारी एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने दी। वे गुरुवार की शाम तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि रनिया में ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए पीएलएफआइ के जोनल कमांडर सुखराम गुड़िया दस्ते के उग्रवादी उड़ीकेल, जाराकेल, कोयनारा आदि क्षेत्रों में भ्रमणशील है। सूचना के सत्यापन के बाद एसपी के निर्देश पर तोरपा के पुलिस इंस्पेक्अर दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल का गठन किया गया और जाराकेल जंगल से दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि दोनों उग्रवादी कई मामलों में वांछित हैं। बुधराम मुंडू उर्फ बासु के खिलाफ तोरपा थाना में एक और तपकरा थाना में दो मामले दर्ज हैं। सभी मामले आर्म्स एक्ट व 17 सीएलए के तहत 2018 में दर्ज हुए थे। वहीं सुलेमान सुरीन उर्फ सुले के खिलाफ मुरहू थाना में आर्म्स एक्ट व सीएलए के तहत 2020 में मामला दर्ज हुआ था। इन मामलें में दोनों जेल भई जा चुके हैं। उधर, छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह, रनिया थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार यादव, मीडिया सेल से सत्यजीत कुमार व तोकेन पिकेट आदि शामिल थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### बुंडू पैक्स में धान क्रय केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बुंडू पैक्स में गुरुवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने किया। उन्होंने सरकारी योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों से योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर केरेडारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता, बड़कागांव कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, बुंडू पंचायत मुखिया तुलसी तुरी, पंसस रंजीत तुरी, पैक्स अध्यक्ष जीतेंद्र साव, सुरेश साव, मनोज सिंह, मोहन करमाली, द्रौपती देवी, बसंत गुप्ता, सुभाष साव, उमेश यादव, मिथिलेश दूबे, रामप्रसाद यादव, भोला साव और प्रदीप साव आदि थे।

### गरीबों तक आसानी से शिक्षा को पहुंचाने को लेकर राउंड टेबल इंडिया की ओर से सेमिनार का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। राउंड टेबल इंडिया की ओर से कुंजला महात्मा एनडी ग्रोवर हाई स्कूल में गुरुवार को शिक्षा को आसानी से गरीबों तक कैसे पहुंचाया जाय विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें राउंड टेबल नीदरलैंड और श्रीलंका के सदस्यों ने भाग लिया। सेमिनार से पूर्व आगमन पर राउंड टेबल इंडिया, नीदरलैंड और श्रीलंका से आए सदस्यों का महात्मा एनडी ग्रोवर हाई स्कूल कुंजला में भव्य स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा स्वागत गान पेश किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता नीदरलैंड के चेयरमैन ने कहा कि यहां के गरीबों की झोपड़ी तक शिक्षा का अलख जगाया जायगा। गरीबों को शिक्षा के साथ ही छात्रवृत्ति, खेल के सामान, शिक्षण सामग्री आदि उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे खुद को समाज की मुख्यधारा से जुड़कर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा पा सके। राउंड टेबल इंडिया के लेडीज सर्कल के हैदराबाद से आए शीसम और विमला ने विद्यालय को उपलब्ध कराये गये झूले और अन्य खेल सामग्रियां बच्चों को समर्पित किया।

### विधायक प्रतिनिधि ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह लैंपस में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो ने किया। मौके पर उपस्थित दिम्बुजर्दा पंचायत के मुखिया बलराम सिंह मुंडा, पंचायत समिति सदस्य विष्णुपद महतो, प्रभारी वीइसीइओ जयंती टोप्पो, लैंपस अध्यक्ष जगबंधु सिंह मुंडा, लैंपस प्रभारी सृष्टिधर हजाम, शक्तिपद महतो, रंगलाल महतो, बलीराम साहू, ठाकुर महतो आदि उपस्थित थे। धान खरीद का दर 20. 50 रुपये निर्धारित किया गया है।

### विद्यालय का स्थापना शताब्दी समारोह कल अर्जुन मुंडा होंगे शामिल

खूंटी (आजाद सिपाही)। अनिगड़ा स्थित राजकीय माध्यमिक सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय का स्थापना शताब्दी समारोह शनिवार को आयोजित होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल होंगें। इसके अलावा लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा, खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, डीसी शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भी शामिल होंगें। इसकी जानकारी जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने दी। बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री पूर्वाहन 10.30 खूंटी आएंगे। सांसद प्रतिनिधि ने जिले के सभी सांसद प्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकताओं और प्रबुद्ध जनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### मुरी में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन

**मूरी (आजाद सिपाही)।** छोटा मुरी रेलवे परिसर में गुरुवार को मेंस की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मूरी रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जे कच्छप ने किया। इसमें रेलवे कर्मचारियों समेत आस पास के गांव के लोगों ने भी अपनी आंख की जांच व इलाज करवाया। शिविर में देवी नेत्रालय मुरी सिंगपुर के डॉक्टर दरोगा नाथ सिंह महापात्रा की ओर से लगभग 163 लोगों की जांच कर दवाई दी गई।

# भूख और ठंड से किसी की भी मौत न हो इसका ध्यान रखें : न्यायाधीश सत्य प्रकाश



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश ने गुरुवार को तोरपा स्थित श्री हरि प्लस टू डचच विद्यालय में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। उन्होंने ठंड से ठिठुर रहे 35 लोगों को कंबल दिये। पीडीजे ने कहा कि केद्र सरकार का उदेश्य है कि देश मे भूख और ठंड से किसी की मौत न हो। इस बात का ध्यान हर किसी को रखना चाहिए। बढ़ती ठंड को देखते हुए न्यायपालिका भी अपने दायित्वों का निर्वहन कर ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच कंबलों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रधन जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने लोगों को कई तरह की कानूनी जानकारियां दीं और अपने कर्तव्यो और दायित्वों के बारे में जागरूक किया। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंगज कुमार ने कहा कि डालसा के माध्यम से गरीबो को निःशुल्क कानूनी सहायता भी दी जाती है। कार्यक्रम में अनुमंडलीय दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, तोरपा के बीडीओ दयानंद कारजी, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, मुखिया जोन तोपनो, विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका किरण हेरेंज, मानवाधिकार तोरपा प्रखंड अध्यक्ष मनोज पाहन, गंगा यादव, संजय यादव आदि थे।

### रैयत विस्थापितों के रोजगार छीनने वालों का होगा कड़ा विरोध : बिगन सिंह भोगता



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया की ओर से डकरा गुरुद्वारा चौक पर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही रैयत विस्थापित विरोधियों का पुतला दहन किया गया। सबसे पहले एनके एरिया के सभी परियोजना के सैकड़ों रैयत विस्थापित अंबेडकर पार्क पहुंचे। वहां से हाथों में तख्ती लिए हुए नारेबाजी करते हुए डकरा गुरुद्वारा चौक पहुंचे। जहां पर विरोध प्रदर्शन करते हुए रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा विरोधी लोगों का पुतला दहन किया गया। मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि विस्थापितों को एकजुट एवं जागरूक किया जा रहा है। मोर्चा ने रैयत विस्थापितों के नौकरी मुआवजा के साथ प्रभावितों के मूलभूत सुविधा दिलाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन यह बात कुछ लोगों को हजम नहीं हो रही है। इसलिए रैयत विस्थापित को सोशल मीडिया में अनर्गल प्रलाप कर बदनाम करने में लगे हैं। साथ ही रैयत विस्थापितो के रोजगार पर भी हमला करने एवं रोजगार छिनने की साजिश में जुट गए हैं। मोर्चा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। विरोध प्रदर्शन को रंथू उरांव, जगरनाथ महतो, जालीम सिंह, अमृत भोगता, रामलखन गंझू, नागेष्वर महतो, तनवीर आलम, इंदिरा देवी, पुतुल देवी, दिनेश गुप्ता, सुनील यादव, दामोदर गंझू, अनिल पासवान, भूषण भादव आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विनय खलखो, नरेश गंझू, राजेन्द्र उरांव, रामधारी गंझू, सलामत अंसारी, शिवनारायण लोहरा, दिनेश गुप्ता, नरेश यादव, सोनू पांडेय, सुनील सिंह, राजा खान, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, नागिना देवी, मानती देवी, हीरा देवी, हेमलाल गंझू, तौहिद अंसारी, कलिंदर ठाकुर, आनंद तुरी, सूरज लोहरा, कुलदीप साहू, मिथुन गंझू सहित काफी संख्या में मोर्चा के लोग उपस्थित थे।

## गूंज महोत्सव की तैयारी को लेकर आजसू सुप्रीमो ने की बैठक

# गूंज महोत्सव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में आगामी 18, 19 व 20 दिसंबर को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गूंज महोत्सव को सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को स्वयंसेवकों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गूंज के संरक्षक व आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने की। बैठक में महिला समिति सदस्य, बुद्धिजीवी मंच के सदस्य एवं आजसू कार्यकर्ता शामिल हुए। महोत्सव की रूपरेखा एवं सफल आयोजन को लेकर सुदेश महतो ने स्वंयसेवकों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उद्घाटन समारोह के भव्य आयोजन के बारे में बताते हुए कहा कि 18 दिसंबर को महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मुरी टुंगरी से 5000 छऊ कलाकारों का रोड शो किया जायेगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सवार्गीण विकास ही गूंज महोत्सव का उद्देश्य है। महोत्सव एक सास्कृतिक मंच ही नहीं, बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है। इस बार महोत्सव लोक कल्याणकारी योजनो के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य पर आधारित होगा। महोत्सव का पहला दिन महिलाओं के दूसरा दिन किसानों को एवं अंतिम दिन युवाओं को समर्पित होगा। बैठक का संचालन गूंज के अध्यक्ष सुनील सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने किया। इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, पंचायत प्रतिनिधि सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, सिल्ली पोलेटेकनिक, सिल्ली कालेज, उच्च विद्यालय एवं सामुदायिक अस्पताल के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### 18 को उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यपाल रमेश बैस


कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक करते आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो।

### विहिप सह बजरंग दल खलारी ने दिवंगत मुकेश सोनी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

खलारी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) सह बजरंग दल खलारी की ओर से गुरुवार को दिवंगत मुकेश सोनी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता केडी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए। जहां से सभी लोग जुलूस की शक्ल में केडी हिन्दुगढ़ी चौक पंहुचे। वहां सभी ने दिवंगत के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा की समाप्ति के बाद जुलूस की शक्ल खलारी प्रखंड कार्यालय पंहुचे और बीडीओ लेखराज नाग को दिवंगत मुकेश सोनी के परिजनों की सहायता के लिए ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बजरंगदल के सक्रिय कार्यकर्ता प्रताप यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 दिसंबर को खलारी में शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, वरिष्ठ भाजपाई शशि भूषण सिंह, अरविंद सिंह, बजरंग दल रांची जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष संजय साहू, रांची जिला ग्रामीण के सेवा प्रमुख अनिल यादव, किशोर विद्यार्थी, सहसंयोजक विनोद विश्वकर्मा, बजरंगदल खलारी के सुरक्षा प्रमुख रामधारी गंझू, सह-मंत्री कमल शर्मा, संजीत सिंह, प्रखंड सेवा प्रमुख सुनील पासवान, गौ रक्षा प्रमुख दीपक तुरी, पंचायत कमेटी हुटाप पंचायत अध्यक्ष गौतम दास, लपरा पंचायत अध्यक्ष सोगल मल्हार आदि मौजूद थे।

### डीसी ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

खूंटी (आजाद सिपाही)। डीसी शशि रंजन ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र 2022-23 का उद्घाटन किया। डीसी ने कहा कि जिले में किसानों से धान की खरीदारी राज्य सरकार की नीति एवं दिशा-निर्देश के तहत ही की जानी चाहिए। सरकार द्वारा साधरण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। साथ ही प्रति क्विंटल 10 रुपये बोनस निर्धारित है। इस तरह किसानों को संबंधित लैंपस में एक क्विंटल साधरण धान की बिक्री के बाद 2050 रुपये प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि धान क्रय के समय धान अधिप्राप्ति केंद्र पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की 50 फीसदी राशि का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किसानों के खातों में किया जाएगा। धान बिक्री की शेष राशि का भुगतान धान के मील में पहुंचने के बाद किया जाएगा।

## रातू के लहना में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन अनूप गोप अध्यक्ष और सचिव बने संजय प्रसाद



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लहना पंचायत में गुरुवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अनूप गोप को अध्यक्ष व संजय प्रसाद को सचिव चुना गया। इसके अलावा निकेत कुमार व प्रीतम खलखो को उपाध्यक्ष, सनोज उरांव को कोषाध्यक्ष, राजू उरांव को संगठन सचिव तथा किशोर केरकेट्टा व अंकित उरांव को सह सचिव बनाया गया। इसके अलावा राम उरांव, सनी उरांव संजय तिर्की, नरेश कुमार राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड संगठन सचिव रोहित भगत, संजय प्रसाद, कृष्णा लोहरा, संजय उरांव, आसिफ अंसारी, मांगा तिर्की एवं पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक ने इटकी प्रखंड में कई निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास



**इटकी (आजाद सिपाही)।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को कुंदी में मुस्लिम कब्रिस्तान की व पलमा में सरना स्थल की घेराबंदी के साथ-साथ सुंदरीकरण के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन कार्यों का निर्माण विधायक कोष से किया जाएगा। मौके पर मुखिया रमेश महली, बलराम गोप, अबू माज, राजन किस्पोट्टा, नकुल सिंह, जनार्दन महतो, विष्णु महली, मौलाना मुनीर, खुर्शीद अंसारी व फ्रांसिस्का केरकेट्टा सहित अन्य शामिल थे।

## नगड़ी लैंपस में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी लैम्पस में गुरुवार को धान क्रय केन्द्र का उद्घाटन जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग, नगड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन कुमारी एवं नगड़ी पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित किसानों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी बिलुंग ने कहा कि क्षेत्र के किसान अपने धान को सरकारी क्रय केन्द्र में बिक्री करें। सरकारी धान क्रय केन्द्र में इस वर्ष नगड़ी प्रखंड में 14 हजार टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं नगड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन कुमारी ने कहा कि क्षेत्र के किसान अपने साल भर के उपज धान को बिचौलियों के हाथों नहीं दें। मौके पर क्षेत्र के तीन किसान प्रभात महतो, रोहित महतो, स्यंम्बर महतो ने धान बिक्री की। मौके पर मो. सलीम, कन्हैया प्रसाद, नगड़ी सहकारिता पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, रोजा उरांव, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, चुड़ामनी महतो, गणेश पाहन, नरेश पाहन, राजकुमार केसरी, गिरधारी गोप, दीपक कुमार, रोहित महतो, सत्यनारायण महतो सहित दर्जनों किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

## जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष ने किया ग्रामीणों के आंदोलन का समर्थन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के उत्तरी टुण्डूल पंचायत ग्राम मुड़मा निवासी के पूर्वजों द्वारा धार्मिक स्थल बूढ़ा महादेव एवं दश कर्म संस्कार हेतु चयनित तालाब के पहुंच पथ को यथावत रखने के लिए आईआईएम और गेल ऑफ इंडिया के नवनिर्मित परिसर के समीप बीच पथ पर ग्रामीणों द्वारा धार्मिक पथ को लेकर धरना लगातार दिया जा रहा है। उनके समर्थन में जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार महतो ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर ग्रामीणों का समर्थन किया। मौके पर मुखिया ममता तिर्की, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, लक्ष्मी देवी, किरण प्रमाणिक, राधा देवी, मनोज महतो, बीजू महतो समाजसेवी, इलियास अंसारी, हजरत अली, रमेश मुंडा, अनिल महतो, मीरा देवी, सुलेखा देवी, जहाना प्रवीण इत्यादि उपस्थित थे।

## जोन्हा में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा स्थित लैंपस में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उदघाटन प्रमुख दीपा उरांव एवं लैंपस अध्यक्ष सह मुखिया कृष्णा मुण्डा नें संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रमुख एवं मुखिया ने कहा कि इस केन्द्र के खुल जाने से किसानों को फायदा होगा। उन्हें धान का उचित मूल्य प्राप्त होगा तथा बिचैलियों से निजात मिलेगी। मौके पर विषम शाही मुण्डा, रिझुवा मुण्डा, लालू उरांव, हरदयाल मुण्डा, जगदीश मुण्डा, लालमोहन मुण्डा, बिरसा मुण्डा, राजेश कुमार, सोमरा उरांव, लालचंद मुण्डा, गोविंद साहू, जितेन्द्र ठाकुर, एतवा मुण्डा, जयराम महली, बैजनाथ भोगता आदि मौजूद थे।

## खेल मैदान निर्माण और साप्ताहिक हाट लगाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिवालय हेसल में गुरुवार को ग्रामप्रधान रामनाथ करमाली की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से रिंग रोड हेसल के नजदीक खाली पड़े सरकारी जमीन में खेल मैदान का निर्माण कराने तथा साप्ताहिक हाट लगाने को लेकर चर्चा की गई। कहा गया कि इस खाली पड़े जमीन पर भूमाफियाओं की नजर है। विदित हो कि कई बार इस सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा चुका है, पर ग्रामीणों के भारी विरोध के चलते कथित भू-कारोबारी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। निर्णय लिया गया कि सार्वजनिक खेल मैदान और साप्ताहिक हाट हेतु जमीन आवंटन को लेकर उपायुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर मुखिया कविता देवी, उपमुखिया दुर्गा महतो, पंसस मदरा मुण्डा, इब्राहिम अंसारी, कारीनाथ महतो, साकीर अंसारी, कृष्णा भगत, जगन्नाथ महतो, बुजलाल महतो, जितेन्द्र महतो, अर्जुन प्रमाणिक, विरेन महतो, जगमोहन महतो, प्रदीप महतो, रामवृक्ष महतो, रामेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, समलनाथ महतो, सोहराई महतो सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने एसएसबी 26वीं वाहिनी के ऑफिसर्स और जवान मेस, जिम का किया उद्घाटन

**एसएसबी ने तीन अलग-अलग स्थानों पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किये**

**सताकी समवाय में कमांडेंट एसडी शेरखाने ने जरूरतमंद लोगों के बीच आवश्यक सामग्रियों का किया वितरण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** गुरुवार को 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के नवनिर्मित महाराणा प्रताप जवान एनक्लेव (मेस एवं जिम) एवं कांफ्रेंस हॉल कम ऑफिसर्स मेस का शुभारंभ हुआ। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि झारखंड पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक आइपीएस संजय आनंद लाठकर ने विधिवत फीता काटकर किया। मालूम हो कि 26वीं वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने के अथक प्रयास से यह दोनों सुविधा जवानों को उपलब्ध हो पायी।

मौके पर एडीजे ने कमांडेंट एसडी शेरखाने के इन प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें एक कुशल और समर्पित अधिकारी कहा। इधर एसएसबी ने अपने नागरिक कल्याण कार्यक्रम को जारी रखते हुए गुरुवार को तीन अलग-अलग स्थानों पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किये।

इस दौरान सताकी समवाय में मुख्य अतिथि कमांडेंट एसडी शेरखाने के हाथों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, साड़ी, चप्पल आदि आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। मौके पर एसडी शेरखाने ने कहा कि एसएसबी हमेशा आपकी मदद के लिए खड़ी है। आने वाले समय में यहां कई तरह के कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस क्रम में डोंगाडीह समवाय में भी ग्रामीणों के बीच कंबल, साड़ी, चप्पल आदि जरूरी सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपकमांडेंट दिनेश कुमार ने लाभार्थियों के बीच आवश्यक सामग्री वितरित किये। इधर नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एसएसबी द्वारा गुरुवार को गेतलसूद में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में द्वितीय कमान अधिकारी चिकित्सा डॉ ब्रजेश कुमार ने सैकड़ों मरीजों के स्वास्थ की जांच की तथा उनके बीच दवा का वितरण किया। मौके पर गेतलसूद पंचायत की मुखिया शांति मुण्डा, उपमुखिया शंकर बैठा आदि मौजूद थे।

# रातू में चोरी का आरोप लगाकर युवक के साथ मारपीट

**मारपीट के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के दलादिली में एक युवक के साथ चार लोगों ने जमकर मारपीट कर दी। घटना बुधवार शाम पांच बजे की बतायी जा रही है। मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को मारपीट करने वाले से छुड़ाया। मारपीट में घायल युवक का रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। युवक के पैर व कमर में गहरी चोट आयी है। युवक इटकी थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ निवासी मो. मुश्ताक के 30 वर्षीय पुत्र नसीम अंसारी है। मामले को लेकर युवक नसीम अंसारी ने मारपीट करने वाले पांच लोगों पर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें सलगी उराईन, उसके दो पुत्र राहुल उरांव व अनिल उरांव तथा दो अज्ञात लोग शामिल हैं।

**क्या है मामला :** जानकारी के मुताबिक युवक नसीम अंसारी रातू के दलादिली स्थित सलगी उरांइन के यहां ड्राइवर का काम करता था। वह चार सालों से वहीं रहता था। आठ माह पहले नसीम काम छोड़ अपना घर इटकी चला गया। इसी बीच सलगी उराईन नसीम को ढूंढते हुए उसके घर चली गयी। नसीम के घर में नहीं मिलने पर उसने उसकी पत्नी गजाला परवीन के साथ मारपीट व लूटपाट की थी। जिसे लेकर इटकी थाना में गजाला परवीन ने सलगी उराईन पर मारपीट व लूटपाट की प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। घायल नसीम अंसारी ने बताया कि वह केस उठाने के लिए एक सप्ताह से लगातार दबाव बना रही थी। बातचीत के लिए वह बुधवार को अपने घर बुलाई व अपने बेटे और अन्य लोगो से मुझे पिटवाया।

**दूसरे पक्ष की ओर से भी करायी गयी प्राथमिकी दर्ज :** घटना के बाद दूसरे पक्ष के सलगी उरांइन के पुत्र राहुल उरांव ने भी नसीम पर घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लापुंग के बोकरंदा में चेक डैम व दो धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में दो सरकारी धान क्रय केंद्र बोकरन्दा व मालगो लैम्पस में खोला गया। उसका उद्घाटन विधायक शिल्पी स्नेहा तिर्की, जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो व प्रमुख कंचन उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। लापुंग में दो धान क्रय केंद्र खुल जाने से किसान बाजार में बिचौलिया के हाथों औने पौने दाम में धान बेचने से बचेंगे और आय में वृद्धि होगी। बोकरन्दा लैम्पस के अध्यक्ष बुधनाथ लोहरा, सचिव परमेश्वर साहू व धान क्रय प्रभारी निर्मल कुमार, मालगो के अध्यक्ष नागी देवी, सचिव विशेश्वर साहू व क्रय प्रभारी रामतीर्थ भगत को बनाया गया। प्रखंड सहकारिता पादाधिकारी विजय रंजन तिर्की ने कहा कि अधिक से अधिक किसान सरकारी धान क्रय केंद्र में धान बेचने के लिए सहकारिता विभाग में रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही। साथ ही इससे पूर्व भंगी नदी बोकरन्दा में लाखों रुपये की लागत से श्रृंखलाबद्ध तीन चेक डैम का उद्घाटन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जयन्त बरला, नकुल सिंह, बोकरन्दा मुखिया सरोज मुंडा के अलावे अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नरकोपी में सांसद के प्रयास से लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरकोपी के भैंसा दोन गांव में पिछले दो महीना से 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जल गया था। बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सूचना सांसद सुदर्शन भगत को लिखित तौर पर दी थी, जिसके बाद गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर गुरुवार को गांव में लग गया। मौके पर नरकोपी मंडल के महामंत्री राजेश साहू, महावीर साहू व बलराम सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। मौके पर विजय साहू, अरुण प्रसाद गुप्ता, गणेश साहू, बबलू साहू, राम दर्शन साहू, दिनेश साहू, कमलेश साहू, माघो उरांव, कलेश्वर साहू व कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सेवा : मारुति मंगल परिवार ने धार्मिक और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के मुद्दों पर किया विचार-विमर्श**

# 5100 जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**समाज की कुरीतियों को दूर करने के प्रति संस्था कृत-संकल्पित है : अध्यक्ष विक्रम महतो**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के नवाटोली गांव स्थित मारुति धाम परिसर में गुरुवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक व सामाजिक संस्था के द्वारा प्रखंड के 5100 बुजुर्गों, जरूरतमंदों, विधवा, गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही संस्था द्वारा बुजुर्गों के बीच खिचड़ी का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच धार्मिक और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से सेवा करके समाज को सुधारने में लगे हुए हैं। समाज की कुरीतियों को दूर हटाने के प्रति संस्था कृत-संकल्पित है। हमारी संस्था का यही प्रमुख उद्देश्य है कि समाज से सभी कुरीतियां खत्म हों और समाज का कल्याण हो। उन्होंने कहा संस्था रांची जिले के प्रत्येक प्रखंड में ठंढ के मौसम में कंबल वितरण करती है। जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा संस्था के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। समाज के सभी कुरीतियों का मूल कारण अशिक्षा है। अगर लोग शिक्षित होंगे तो समाज में स्वतः सुधार आएगा। संस्था के सचिव सुमेश महतो ने कहा संस्था के सदस्य विभिन्न गांवों में जाकर लोगों के बीच सामाजिक कुरीतियों, नशापान, जुआ, दहेज प्रथा, बाल विवाह व शिक्षा के महत्व सहित कई विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक भी करते हैं। जिससे लोगों का आर्थिक और सामाजिक पतन नहीं हो।

कार्यक्रम में पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, मनोज लकड़ा, एतवा उरांव, संदीप उरांव, मुनेंद्र लोहरा, चिंतामणि सिंह, मनधीरण गोप सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकुंद महतो, भोला कोइरी, कामेश्वर महतो, इंद्रजीत गोप, संजय कुमार समेत मारुति मंगल परिवार के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## मांडर विधायक ने किया बेड़ो में चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी खुरा टोली गांव के घघारी नाला में लघु सिंचाई प्रमंडल रांची के तहत बनने वाले चैक डैम के निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक ने कहा कि लघु सिंचाई योजना के तहत चैक डैम निर्माण कार्य के पूरे होने पर ग्रामीणों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं सांसद प्रतिनिधि ने कहा इस नाला से सालों भर पानी का बहाव होता रहता है। चेक डैम के निर्माण हो जाने पर किसानों को लाभ होगा। दोनों और सैकड़ों एकड़ जमीन पर खेती भी की जा सकेगी। इसके साथ ही गर्मी के दिनों में जहां ग्रामीण नहाने का उपयोग करेंगे, वहीं गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों को पानी मिल सकेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव, मुखिया लक्ष्मी कोया, सुनील कच्छप, राजकमल गोप, नकुल सिंह, देवेंद्र वर्मा, मनोज कुमार साहू, अनिल साहू, कंचन साहू, बुधराम लोहरा, सोमरा लोहरा, महाकाल लोहरा, पहान ठेमका मुंडा व बुधवा मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## गाड़ीगांव पाहनटोली की टीम ने 1-0 से तीसरे स्थान के लिए जीता मैच



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शास्त्री मैदान सामलोंग में शास्त्री स्पोर्टिंग यूनियन सामलोंग चुटिया के तत्वावधान में चल रही लाल बहादुर स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 का तृतीय स्थान के लिये गुरुवार को मैच गाड़ीगांव पाहनटोली बनाम नव झारखंड बहुबाजार के बीच खेला गया। जिसमें गाड़ीगांव की टीम 1-0 से विजयी हुई। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्या प्रताम एवं पैंटलून के संचालक सुमित सिंह उपस्थित थे। जिन्होंने संयुक्त रूप से दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच को शुरू कराया। मैच की शुरूआत से ही दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रर्दशन किया और एक दूसरे के गोल पर कई आक्रमण किये। इसी क्रम में खेल के 32वें मिनट में आशीष के शानदार गोल से गाड़ीगांव पाहनटोली ने 1-0 की बढ़त बनाये रखी। मध्यांतर के बाद नव झारखंड बहुबाजार की टीम को गोल करने का कई मौका मिला, परंतु वह असफल रहा और गाड़ीगांव पाहनटोली की टीम 1-0 से मैच जीतकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शास्त्री स्पोर्टिंग यूनियन के अध्यक्ष छत्रधारी महतो ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोलंकी एफसी और बिरसा फुटबॉल क्लब पंडरा के बीच रविवार को दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा।

## खिजरी विधायक ने ओरमांझी प्रखंड के चाडू में भवन निर्माण की रखी आधारशिला



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा प्रखंड के चाडू उप स्वास्थ्य केन्द्र और बादशाह हाई स्कूल में भवन निर्माण की आधारशिला रखी। भवन निर्माण कार्य जिला अन्नाबद्ध योजना के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर रमेश उरांव महासचिव व प्रवक्ता जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी रांची, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रो. प्रेमनाथ मुंडा, कमिश्नर मुंडा जिला परिषद सदस्य पश्चिमी, सरिता देवी जिला परिषद सदस्य पूर्वी, हरी मोहन महतो, दीपा उरांव, राजेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, रामटहल महतो, मुंतजीर अहमद रजा, सफीउल्लाह अंसारी, मुबारक अंसारी, रोजनी लकड़ा, सूरज पठान, रवि साहू, शोभा देवी, जेठू मुंडा, एहते शाम अली, राजेश नायक इत्यादि मुख्य रूप से शामिल थे।

## भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ने बुजुर्गों के बीच किया कंबल वितरित



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम ने गुरुवार को कांके प्रखंड के सुदूरवर्ती चिरुआ गांव में असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर भाजपा नेता ने 75 बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया साथ ही 60 बच्चों को गर्म कपड़ा दिया। इस अवसर पर कमलेश राम ने कहा कि ठंड के समय में असहायों के बीच कंबल वितरण करने से उन्हें काफी सुविधा होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य गांवों में भी कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, रणविजय शाहदेव, बिजय मिनोचा, ममता मिनोचा, हीरालाल महतो, लखन उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

## हेसातू पंचायत के मालघोंगसा गांव में जंगली हाथियों से हुई क्षति का किया गया भुगतान



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के किसानों को जंगली हाथियों से वर्ष 2021-22 मे हुई क्षति का मुआवजा राशि का भुगतान गुरुवार को हेसातू पंचायत के मालघोंगसा गांव में कैंप लगाकर खिजरी विधायक राजेश कच्छप के हाथों किया गया। मुआवजा राशि में 17 किसानों को फसल क्षति हेतु एक लाख छह सौ पचपन रुपये एवं पांच लोगों को घर टूटने का सत्तर हजार रुपये सहित कुल एक लाख एकहतर हजार छह सौ पचपन रुपये का चेक 22 किसानों के बीच वितरित किया गया। मौके पर हेसातू पंचायत मुखिया अनिता बरला, प्रमुख दीपा उरांव, पंसस बीणा देवी, वनरक्षी शिवनारायण महतो, महेश गंझू आदि के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर पटेल विचार मंच के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के पटेल चौक स्थित देश के प्रथम गृहमंत्री व भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72वी पुण्यतिथि तिथि के अवसर पर शहर में सुबह से ही कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन पटेल विचार मंच के तत्वावधान में किया गया।सर्वप्रथम सुबह 7 बजे आयोजन समिति और सरस्वती विद्या मंदिर,तथा एनसीसी कैडेट्स के द्वारा एकता दौड़,का आयोजन किया गया।।इसके उपरांत 10 बजे सरदार लौह पुरूष के आदमकद प्रतिमा पर प्रशासनिक और राजनीतिक सामाजिक लोगों ने माल्यार्पण किया,मौके पर पूर्व विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि सरदार पटेल इस देश स्वतंत्रता संग्राम महानायक थे वे देश के सर्वमान्य नेता थे उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण ही आज हमलोग एक विशाल भारत देश के नागरिक कहलाते हैं।वहीं अनुमण्डल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने उपस्थित सभी स्कूली बच्चों एवं उपस्थित लोगों को भारत की एकता और अखंडता व सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुज चौधरी व संचालन गौतम पटेल ने किया,वही धन्यवाद सह समापन अवधेश तिवारी ने किया।मौके पर हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता,पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, चंद्रदीप प्रसाद,नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी,पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी,रामेश्वर राम ,मंच के सचिव सूर्यनाथ पासवान,वार्ड पार्षद उमरावती देवी,उमा देवी,डॉ ऐजाज आलम,डॉ मलय प्रसाद,मनोज शर्मा,अजय प्रसाद गुप्ता,प्रदीप पटेल,धीरेंद्र पटेल,शशिकांत पटेल,बिनय चौधरी,मंदीप चौधरी,इम्तेयाज आलम,सुधीर पटेल,राजीव ठाकुर,तेतरी कुवँर, अजित चौधरी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# समता स्कूल जपला ने मनाया 15वां स्थापना दिवस समारोह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के शिवशक्ति नगर स्थित समता स्कूल परिसर में बिद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को स्कूल के प्रांगन में बिद्यालय के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने सैकड़ों बच्चों की उपस्थिति में पूजा पाठ एवं हवन यज्ञ किया। पूजा पाठ गायत्री परिवार के आचार्य अशोक जी के द्वारा संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के उपरांत बिद्यालय प्रबंधन की ओर से भब्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अक्षय चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2007 में 15 दिसंबर के दिन बिद्यालय की स्थापना हुई थी।स्थानीय अभिभावकों ,शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के सहयोग से बिद्यालय ने अपने सफलतम 15 वर्ष पूरे किए हैं।इस दौरान बिद्यालय प्रबंधन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर उच्च शिक्षा के लिए अग्रसारित किया गया।उन्होंने कहा कि बच्चों को सर्वांगीण शिक्षा देना हमारा उद्देश्य है।मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा,किरण देवी, अंजली सिंह,सुधांशु कुमार सिंह, ओम प्रकाश कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह ,राहुल गुप्ता, राहुल कुमार चौहान , दीपक कुमार, प्रियंका देवी, राहुल कुमार,दशरथ कुमार,बेबी शेख,मंतेश्वर यादव, कार्तिक कुमार,नंदू प्रजापति, सरिता देवी समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित थे ।

# विधायक ने कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक कुशवाहा डां शशिभूषण मेहता ने गुरुवार को पांकी प्रखंड के बहेरा एवं तरहसी पंचायत के उदयपुरा में कल्याण विभाग की ओर से आवंटित कब्रिस्तान चहारदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों ने विधायक को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डां शशिभूषण मेहता ने कहा कि भाजपा सबका साथ,सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी के तहत योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने को लेकर उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। मौके पर शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, अजीत गुप्ता, सुरेंद्र यादव, अध्यक्ष अल्ताफ अंसारी, सचिव छोटू अंसारी, लियाकत अंसारी, इस्लाम अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# धार्मिक व जातिय भावना भड़काने के खिलाफ साइबर सेल में शिकायत



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** धार्मिक व जातिय भावना भड़काने के खिलाफ राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने साईबर सेल में शिकायत दर्ज कराया है। गुरुवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्यों ने साईबर सेल में पहूँचकर असगर अली व राजा रवि के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में सेना के सदस्यों का कहना था कि की इस तरह के पोस्ट से सामाजिक विद्वेष फैलाने की साजिश चल रही है।सेना के प्रमंडलीय महासचिव राजीव रंजन पांडेय(बबल)के नेतृत्व में साईबर सेल में मामले को दर्ज कराने के बाद सेना सदस्यों ने कहा की एक वर्ष पूर्व भी अलीशान अली को इस तरह का पोस्ट करने के बाद मौखिक तौर पर समझाने का प्रयास किया गया था लेकिन अलीशान अली के द्वारा इस तरह की हरकत लगातार करते रहने के कारण मुकदमा दर्ज कराया गया है।मामला दर्ज कराते समय प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी,जिला संरक्षक रवि ओझा,अजय तिवारी,जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# पलामू के हुसैनाबाद में हाथियों का कहर, दो लोगों की ली जान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में 15 जंगली हाथियों का झुंड पहुंच गया है, अलग अलग गांवों में दो लोगों को पटक कर मार डाला। हाथियों ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत के किशुनपुर गांव निवासी किसान बंसी मेहता 50 वर्ष को पटक कर मार डाला। बताया जाता है कि वह अहले सुबह खेत पर गए थे जहाँ हाथियों के झुंड की चपेट में आ गए।वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 के जपला चौबे रविदास मोहल्ला निवासी मनोज राम 35 वर्ष को भी पटक कर मार डाला।जानकारी के अनुसार वह खेत तरफ शौच के लिए गए थे जहाँ हाथियों ने चपेट में लेकर पटक-पटक कर उन्हें मार डाला। जंगली जानवरों के उत्पात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।वन विभाग की टीम हाथियों पर काबू पाने की कोशिश में जुटा है।बताया जा रहा है कि हाथी बिहार के औरंगाबाद के जंगल से मदनपुर होते हुए उतर कोयल मुख्य नहर के रास्ते हुसैनाबाद क्षेत्र में प्रवेश किया है। समाचार लिखे जाने तक हाथियों का झुंड वार्ड-14 के जपला चौबे के समीप डेरा डाले हुआ है वन विभाग की टीम द्वारा देर शाम हाथियों को सुरक्षित रूप से भगाने का कार्य किया जाएगा।मौके पर हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार,सीओ नंद कुमार राम ,सहायक वन संरक्षक रामसूरत प्रसाद व वन विभाग की टीम उक्त स्थल पर पहुँचकर लोगो को अपने घरों में रहने का निर्देश दिया है। वन संरक्षक ने कहा कि हाथी के हमले में मारे गए दोनो मृतक के आश्रित को सरकारी प्रावधान के तहत 4-4 लाख रुपये मुआवजा के तौर पर दिए जाएंगे।तत्काल 25-25 हजार नकद दिए गए है,शेष राशि आश्रित के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।उन्होंने बताया कि दिन में हाथी को देखने के लिए मजमा लग जाता है,इसके बाद हाथी भड़क जाता है। देर शाम मोहम्मद गंज वन प्रक्षेत्र की ओर ड्राइव किया जाएगा।हाथियों के चपेट में आए युवक की मौत पर हुसैनाबाद के लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में बिधायक कमलेश कुमार सिंह,पूर्व बिधायक संजय यादव,भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह,जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता,नगर अध्यक्ष शशि कुमार ,नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी,कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी,हसनैन जैदी ,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

# बेतला नेशनल पार्क के रास्ते में पर्यटन सुविधाओं का होगा संवर्द्धन : आयुक्त

## पर्यटन स्थल की खुबसूरती बयां करेंगे संबंधित मार्ग में लगे साइनेज

**पर्यटकों की सूचना के लिए जगह-जगह लगेंगे साइनेज**

**पलामू एवं लातेहार जिले के विभिन्न विभाग अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में करेंगे कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने बेतला फॉरेस्ट (पलामू टाइगर रिजर्व) के प्रवेश स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर गुरुवार को बैठक कर पलामू प्रमंडल के पलामू एवं लातेहार जिले के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटकों की जानकारी एवं सुविधा के लिए पर्यटन स्थल के संबंधित रास्तों में आकर्षक साइनेज लगवाने एवं पर्यटक सुविधा का विस्तार करने, स्थानीय संस्कृति की शोकेसिंग करने आदि सार्थक कदम उठाने का निदेश दिया, ताकि यहां आने वाले पर्यटक क्षेत्र की खूबसूरती को जान-समझ सकें और उन्हें पर्यटन स्थल तक पहुंचने में आसानी हो। आयुक्त ने पलामू एवं गढ़वा जिले से बेतला नेशनल पार्क जाने वाले संबंधित मार्गों पर जगह-जगह पर्यटन स्थल बेतला से जुड़ी जानकारी, वहां पाये जाने वाले वन्य जीवों एवं जैविक विविधताओं से संबंधित



सूचना,किलोमीटर अंकित करने, स्लोगन आदि से संबंधित साइनेज लगवाना सुनिश्चित करें, ताकि यहां आनेवाले पर्यटकों को आनंद की अनुभूति हो। साइनेज से पर्यटकों को पर्यटन स्थल एवं वहां की सुविधाओं से संबंधित जानकारी भी मिलेगी। इससे पर्यटन स्थल की आनंदमयी यात्रा भी होगी। उन्होंने कहा कि पर्यटक सुविधा का विस्तार और स्थानीय संस्कृति की शो-केशिंग से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा साथ- ही- साथ पर्यटन का संवर्द्धन भी हो सकेगा। बैठक में पलामू किला के संवर्धन के लिए ऑर्क्रिलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से भी अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने बेतला फॉरेस्ट के समीपस्थ पर्यटन स्थलों को विकसित करने को लेकर पलामू एवं लातेहार जिले के पदाधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपने अपने क्षेत्र में पर्यटन को आकर्षक बनाने का निदेश दिया। इसके लिए सप्ताह में छुट्टी के दिनों में स्थानीय तौर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जा सकती हैं। उन्होंने साइनेज लगाने के लिए एक निश्चित दूरी का निर्धारण कर लगवाने की बातें कहीं। साथ ही केतकी संगम स्थल पर फॉरेस्ट गेस्ट हाउस का एक प्रस्ताव तैयार करने की बातें कही, जिससे केचटकी संगम स्थल का पूरा दृश्य पर्यटकों को आकर्षित कर सके। बैठक में प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई के उपनिदेशक आनंद, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, पलामू जिला के खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, लातेहार जिला के खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार, लातेहार जिले के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना आदि उपस्थित थे।

# मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में मनायी गयी लौह पुरुष सरदार पटेल की पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भारत के लौह पुरुष और स्वतंत्र देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रा० म० वि० हुसैनाबाद परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार मो ० जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, पुष्पा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश ने भी पुष्पांजलि अर्पित किया।मौके पर प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह



ने कहा कि सरदार पटेल भारत के प्रथम गृहमंत्री थे, इन्हें लौह पुरुष, भारत का बिस्मार्क भी कहा गया है। आज इनकी जीवनी की प्रासंगिकता बढ़ गयी है, हम उनके आदर्शों को अनुसरण करें, उनके सादगी भरा व्यक्तित्व से ही समुन्नत राष्ट्र का निर्माण हो सकता है।वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता व जुबैर अहमद ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम-सब इनके आदर्शों को ह्दय तल से आत्मसात करें,इनके पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# 18.99 करोड़ घोटाले के आरोपी राघवेंद को पुलिस ने पटना से किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** वेबकोस कंपनी के स्थानीय साइट के चीफ इंजीनियर राघवेंद्र कुमार को पलामू जिले के मोहम्मदगंज की पुलिस ने पटना से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने यह कार्रवाई कमलादित्य कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (केसीपीएल) बोकारो के जीएम विनोद कुमार सिंह की शिकायत पर की है। राघवेंद्र कुमार पर उत्तर कोयल जलाशय परियोजना पुनरुद्धार (नार्थ कोयल रिजरवायर प्रोजेक्ट) में 18,99,20, 964 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है। पुलिस व संबंधित अधिकारी फिलहाल राघवेंद्र से पूछताछ कर रही है। केसीपीएल का आरोप है कि बिना काम के ही फर्जी बिल पेश कर वेबकोस ने 18.99 करोड़ रुपये की निकासी कर ली है। केसीपीएल ने यह शिकायत जून 2022 में पलामू के एसपी से की थी. इस मामले में वेबकोस के ईडी एनएन प्रसाद, जीएम संजय शर्मा और राघवेंद्र कुमार को आरोपित किया गया है. इसके बाद मामले की जांच शुरू हुई. पुलिस ने नोटिस देकर वेबकोस कंपनी के अभियंता राघवेंद्र कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया था। नहीं आने पर पुलिस ने पटना जाकर राघवेंद्र को पकड़कर लाई. दोनों पक्षों से मिले कागजात का सत्यापन किया जा रहा है। वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। निर्देश मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाएगी। दावा किया जा रहा है कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एमकेडीएवी के छात्र ने जीता रजत पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्तरीय गटका प्रतियोगिता 2022 जो 11 से 12 दिसंबर 2022 तक रॉयल इंटरनेशनल स्कूल बरही हजारीबाग में आयोजित थी, इसमें एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के पंचम कक्षा के छात्र डीआर एसबीएल कार्तिकेय ने रजत पदक जीतकर विद्यालय, अपने माता-पिता एवं पूरे पलामू को गौरवान्वित किया। 13 दिसंबर 2022 को विद्यालय की



प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने कार्तिकेय को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि कार्तिकेय की उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार गर्वित है। उन्होंने इस उपलब्धि को पलामू का गौरव बताया।प्राचार्य ने कार्तिकेय को राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने हेतु शुभकामना दी। उन्होंने अन्य छात्रों को कार्तिकेय से प्रेरणा लेने की बात कही।







# स्पोर्ट्स



**फीफा वर्ल्ड कप : सेमीफाइनल में फ्रांस की जीत, मोरक्को के फैंस ने सड़कों पर मचाया उत्पात**

# महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा रांची रेल मंडल

## ओलंपियन भी दिखायेंगे हुनर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 20 दिसंबर से 26 दिसंबर तक रांची रेल मंडल द्वारा अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। हटिया रेलवे आफिस में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीआरएम प्रदीप गुप्ता ने इसकी जानकारी दी। बताया कि रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नयी दिल्ली ने रांची रेल मंडल को 43वीं अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी का मौका दिया है। पांच वर्षों के बाद एक बार फिर से रांची मंडल को इसके आयोजन का मौका मिला है। इससे पहले 2004, 2010, 2012 और 2017-18 में इस मंडल की ओर से इसकी मेजबानी की गयी थी। हटिया स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में इसका आयोजन होगा। प्रतियोगिता में संपूर्ण रेलवे के विभिन्न जोनल रेलवे और इकाइयों की कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो ड्रागों में बांटा गया है। मौके पर रेलवे अधिकारी सतीश कुमार, श्रेया सिंह, राजीव रसिक सहित अन्य भी उपस्थित थे।

प्रदीप गुप्ता के मुताबिक पुल ए में उत्तर रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे, पूर्व मध्य रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे की टीम है। पुल बी में मध्य रेलवे, रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला, उत्तर पूर्व रेलवे, पश्चिम रेलवे की टीम है। प्रतियोगिता में कुल 16 मैच खेले जायेंगे। इसमें रियो ओलंपिक 2016 और टोक्यो ओलंपिक 2020 की अधिकांश खिलाड़ी अपने-अपने रेलवे जोनल की टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसमें रांची मंडल की सलीमा टेटे और निक्की प्रधान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं। अर्जुन अवार्ड से सम्मानित वंदना कटारिया, मोनिका के अलावा 15 ओलंपियन भी शामिल हैं। चैंपियनशिप के दौरान सेमीफाइनल और फाइनल मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच तथा टूर्नामेंट के समापन पर विजेता और उप विजेता ट्राफी के अलावा बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एवं बेस्ट गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया जायेगा। सभी मैचों का आयोजन हटिया स्थित एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जायेगा, जिसमें आमजनों के लिए स्टेडियम में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

# भारतीय गेंदबाजों के आगे लड़खड़ाया बांग्लादेश

**चट्टोग्राम।** भारत के खिलाफ यहां खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 133 रन बना लिए हैं। मेंहदी हसन मिराज 16 और इबादत हुसैन 13 रन बनाकर नाबाद हैं।भारत ने अपनी पहली पारी में 404 रन बनाए थे। बांग्लादेश की पहली पारी की शुरूआत काफी खराब रही और पारी की पहली ही गेंद पर सिराज ने नजमुल हसन शांतो के पवेलियन भेज दिया। 5 के कुल स्कोर पर उमेश यादव ने यासिर अली (04) को बोल्ड कर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। इसके बाद बांग्लादेश के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे ।



**हिमाकत :** आवासीय कार्यालय में स्पीड पोस्ट के जरिए चिट्ठी भेजकर दी गयी धमकी

# शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को मिली जान से मारने की धमकी

**पिछले दो दिनों से आ रही है चिट्ठी, तीन पन्नों का पत्र अलग-अलग दिन पहुंचा मंत्री के आवासीय कार्यालय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के शिक्षा व मध निषेध उत्पाद मंत्री जगरनाथ महतो को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला प्रकाश में आया है। उनके भंडारी दह स्थिति आवासीय कार्यालय में डाकिया द्वारा स्पीड पोस्ट से चिट्ठी भेज कर धमकी दी गई है। उधर, चिट्ठी मिलने के बाद पुलिस भी अलर्ट मोड में आ गई है।

जानकारी के मुताबिक मुख्य तौर पर शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो मुदार्बाद के नारे के साथ ही सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को जान से मारने की धमकी दी गई है। पत्र भेजने वाले ने इंटर व डिग्री कॉलेजों का अनुदान बढ़ाने के अलावा 1932 के खतियान को वापस लेने की भी मांग की है। पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के लोग भी कॉलेजों में काम करते हैं। अगर 1932 के खतियान वापस नहीं होता है तो सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को जान से मार दिया जाएगा। दूसरी ओर, चिट्ठी मिलते ही जिला पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गई। इस मामले की जांच की कार्रवाई तेज करते हुए बोकारो पुलिस स्थानीय चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो को मंत्री के आवासीय कार्यालय जा कर जांच करने का निर्देश दिया गया है।

### बोकारो पुलिस ने शिक्षा मंत्री की शिकायत पर शुरू की जांच

**पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो मंत्री के आवासीय कार्यालय पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने बताया कि मंत्री को जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। जिसका शीघ्र ही परिणाम सामने आएगा। वहीं, आवासीय कार्यालय में मौजूद शिक्षा मंत्री के बेटे अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो ने बताया कि इस मामले को बोकारो पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में दे दी गई है। पुलिस अपनी कार्रवाई में लग गई है। हमें भरोसा है कि शीघ्र ही शिक्षा मंत्री को धमकी देने वाला मामले का खुलासा होगा और आरोपित सलाखों के पीछे होगा।**

### क्या कहते हैं अधिकारी

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चिट्ठी के माध्यम से मंत्री जगरनाथ महतो को धमकी दी गई है। यह चिट्ठी डाक द्वारा उनके पास पहुंची है। पुलिस डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि वह अपने स्तर पर पूरा प्रयास कर रहे है। शिक्षा मंत्री की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। अपराधी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति प्रतियोगिता परीक्षा में मिथुन ने लहराया परचम



चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविध परिषद रांची की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति प्रतियोगिता परीक्षा मंगलवार को हुई थी। जिसका राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने परिणाम घोषित किया। पूरे राज्य से 3889 छात्रों का चयन किया गया, जिसमें गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी स्थित हरिजन आदिवासी उच्च विधालय तिसकोपी के छात्र मिथुन कुमार ने 72.78 फीसदी अंक लाकर मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति परीक्षा में सफल हुआ। प्रधानाध्यापक लोकेंद्र कुमार महतो ने बताया कि यह परीक्षा जैक द्वारा आयोजित की गई थी। पूरे झारखंड से पांच हजार छात्रों का चयन किया जायेगा। जिसमें सफल छात्रों को चयन कर कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति वर्ष 12-12 हजार रुपये छात्रवृति दी जाएगी।

## इएसएल प्लांट के ट्रांसफार्मर में विस्फोट,चार मजदूर झुलसे



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदनकियारी के सियालजोरी स्थित इएसएल वेदांता स्टील प्लांट के एमआरएसएस सब-स्टेशन के वैक्यूम सर्किट ब्रेकर में मरम्मत के दौरान ट्रांसफार्मर में विस्फोट होने से चार मजदूर झुलस गए। उनकी पहचान प्राण प्रतिम मांझी (26), अनिल वान मालती (19), महादेव भुइयां (23) और पलाश पाल (28) के रूप में हुई है। पलाम की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सभी को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी पश्चिम बंगाल के निवासी हैं। प्लांट में हुए हादसे पर चंदनकियारी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने प्लान प्रबंधन की बड़ी लापरवाही करार दिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को इएसएल वेदांता स्टील के एमआरएस में 220 वोल्ट पावर सप्लाई सिस्टम में खराबी आने पर एलबी कंस्ट्रक्शन के इलेक्ट्रिशियन काम कर रहे थे। तभी वहां लगे ट्रांसफार्मर में विस्फोट हो गया। वहीं बोकारो डीसी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए चास सीओ दिलीप कुमार को मामले की जानकारी के लिये भेजा।


**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़**

**(आवेदन – पत्र आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2022 –23 में सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, रॉची के राज्यादेश सं0 16, दिनांक 01.08.2022 के द्वारा मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अन्तर्गत रामगढ़ जिला के लिए मोबाईल रिचार्ज कूपन एवं पुरस्कार/सम्मान हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन – पत्र आमंत्रित किया जाता है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (सं0 में) | ईकाई लागत (रू0 में) | अनुदान की राशि प्रति ईकाई (रू0में) | लाभुक का अंशदान (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए मोबाईल रिचार्ज कूपन | 312 | – | – | – |
| 2 | मत्स्य मित्र/मत्स्य पालक/ केज मित्र/ केज मत्स्य पालक को पुरस्कार सम्मान | 3 | – | 30000 | अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि लाभुक का अंशदान होगा। |

उपर्युक्त दो योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 02.01.2023 है एवं इसके संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निः शुल्क प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

PR 285148 Ramgarh(22-23)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– RDD/SD/KHUNTI/28/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– **जिला अनावद्ध निधि**

| ग्रप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रनियॉ | रनियॉ प्रखण्ड अन्तर्गत रनियॉ सोदे पथ से सरबो बड़काटोली जाने वाले पथ पर सरबो नाला में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 71,54,000/– | 1,43,100/– | 10000/– | 06 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–20.12.2022 के पूर्वाह्ण 01:00 बजे।
3. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–27.12.2022 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 28.12.2022 अपराह्ण 02:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नहीं करेंगे उनकी निविदा को खोला नहीं जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 29.12.2022 अपराह्ण 01:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6202402505
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 285139 Rural Development(22-23)#D



**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, माननीय विधायक सिल्ली विधान सभा क्षेत्र के द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विधायक निधि अन्तर्गत Portable Shift Sprinkler System at Silli Stadium, Silli कार्य किया जाना है।

| Sl. No | Name of Item/gm Size | Unit | Quantity |
|---|---|---|---|
| 01 | 75 mm Main pipe from Boring to Sprinkler Line | Meter | 60 |
| 02 | 60 Meter Sprinkler Pipe | Meter | 210 |
| 03 | Non return Valve | Pc | 1 |
| 04 | Pump to Pipe Connecting fittings with Bypass Vave | Pc | 1 |
| 05 | Sprinkler Nozzle with Riser Pipe & Sprinkler Coupler | Set | 10 |
| 06 | Tee Coupler With Fittings | Pc | 6 |
| 07 | End Cap with fittings | Pc | 6 |
| 08 | Reducer with fittings 75mm to 63mm | Pc | 1 |
| 09 | 63mm Ball Valve with fittings | Set | 2 |
| 10 | 63mm Rubber Ring | Pc | 50 |
| 11 | Telflon Tape | Pc | 1 |
| 12 | Rain Gum with Tripod Stand Pressure gauge and fittings | Pc | 1 |
| 13 | Braided House with 8 pattern spray nozzle 1” | Feet | 400 |
| 14 | Ball Valve 25mm with fittings | Pc | 2 |
| 15 | 2HP (3Phase) Summersible pump with total fitting Installtion & Starter | Pc | 1 |
| 16 | 2 HP Booster pump with fittings | Pc | 1 |
| 17 | Transpotation | - | 1 |
| 18 | Trench Cutting Filling & sand Lining | - | 1 |
| 19 | Installation Charge | - | 1 |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक विभिन्न प्रतिष्ठानों से दिनांक 22.12.2022 (03.00 बजे अपराह्न) तक मोहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाता अपना दर प्रति ईकाई Specification में निविदित करेगें तथा सभी सामानों के साथ Sprinkler System को चालू करना होगा जिसके लिए अलग से कोई राशि देय नहीं होगी एवं एक वर्ष की गांरटी भी देनी होगी। प्राप्त निविदा को उक्त तिथि को ही 04.00 बजे अपराह्न जिला अभियंता के कार्यालय कक्ष में खोला जाएगा। उक्त तिथि को निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं। निविदादाता को निविदा के साथ संस्थान का निबंधन प्रमाण–पत्र, अद्यतन G.S.T एवं आयकर, सफाया प्रमाण–पत्र जमा करना होगा।

शेष शर्ते जिला परिषद कार्यालय रॉंची के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 285110 Panchayati Raj (22-23)_D


**महत्वपूर्ण न्यूज**

## साडम पश्चिमी की मुखिया शोभा देवी ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड अंतर्गत साडम पश्चिमी पंचायत के बंगाली टोला में 15वें वित्त के आबद्ध और अनाबध मद से 200 फीट पीसीसी पथ निर्माण एवं संतोषी मंदिर के सामने कमल जैन के घर से बैकुंठ चौधरी के घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण का शिलान्यास मुखिया शोभा देवी ने किया। पीसीसी पथ निर्माण की लागत करीब दो लाख 41 हजार 200 रुपये, जबकि नाली निर्माण की लागत दो लाख 99 हजार 700 रुपये है। मुखिया शोभा देवी ने कहा कि साडम पश्चिमी पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। इसके अलावा जनता के सुख-दुःख में हमेशा खड़ी रहूंगी। इस मौके पर उप मुखिया पंकज जैन, वार्ड सदस्य विक्रम कुमार डे, राकेश कुमार डे, राहुल कुमार डे, तीरू डे, राजेश पासवान, प्रदीप जैन, दिलीप डे, वीरेंद्र पासवान, शेखर पासवान, टिकम जैन और मनोवर राय आदि उपस्थित थे।

## कनकनी में जरूरतमंदों के बीच कांग्रेस नेता इम्तियाज ने किया कंबल वितरण



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कनकनी हनुमान बाजार में कांग्रेस के वरीय नेता सह मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने गुरुवार को गरीब, असहाय व जरूरतमंद करीब 50 लोगों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किया। इम्तियाज अहमद ने कहा कि पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा था कि क्षेत्र मे ठंड के मौसम को देखते हुए गरीब-जरूरतमंदों की मदद करों। जिसके बाद लाचार, बेबस व गरीब लोगों को चिन्हित कर उनके बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। समाज के हर वर्ग के लोगों को जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। इस मौके पर अमीन अंसारी, बबलू अहमद, शमशाद अहमद, इरफान अंसारी आदि मौजूद थे।

## कोलियरी विस्तारीकरण को लेकर बरमसिया में चल रहे कार्यो का रैयतों ने विरोध किया



कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल बरोरा एरिया वन प्रबंधन की ओर से कोलियरी विस्तारीकरण को लेकर बरमसिया मौजा में किये जा रहे कार्यो का रैयतों ने गुरुवार को जमकर विरोध किया। रैयत ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन वर्षों से कंपनी में नियोजन व मुआवजा देने की बात कर बरगला रही है। जब तक प्रबंधन नियमानुसार रैयतों को उचित नियोजन व मुआवजा नहीं देती है तब तक अपनी जमीन में एक इंच भी काम नहीं होने देंगे। उधर, ग्रामीण महिलाएं मशीन को बंद कर उसमें चढ़ कर प्रदर्शन करने लगी। इसकी सूचना पाकर एरिया वन के जीएम पीयूष किशोर मौके पर पहुंच ग्रामीणों को समझाने का भरपूर प्रयास किये, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर मौजूद बीसीसीएल प्रबंधन, बरोरा, मधुबन, सोनारडीह थाना की पुलिस व सीआइएसएफ के जवान बैक फुट पर आ गए। फिलहाल प्रबंधन विवादित भूमि को छोड़ दूसरी जगह काम हो रहा है और ग्रामीणों को वार्ता के लिए एरिया वन के गेस्ट मे आमंत्रित किया गया है।

## कोल सचिव के आगमन से पूर्व बांसजोडा कोलियरी पहुंचकर बीसीसीएल सीएमडी ने लिया जायजा

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता गुरुवार को सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा कोलियरी पहुंचकर परियोजना विस्तारीकरण पर चर्चा की। सीएमडी का यह दौरा शनिवार को केंद्र सरकार के कोल सचिव अमृत लाल मीणा व धनबाद के डीसी सहित जिला प्रशासनिक के बड़े अधिकारी बांसजोड़ा आने वाले है। सूत्रों की मानें तो यहां कोल सचिव बांसजोड़ा गोलाई और बांसजोड़ा बाजार के लोगों से सीधे रूबरू होंगे। यहां की आबादी को बेलगढ़िया स्थांतरित करने के लिए पूर्व में ही नोटिश दिया गया है। लेकिन यहां के लोग बेलगढ़िया जाना नहीं चाह रहे हैं। सीएमडी, कोल सचिव के आने से दो दिन पहले बांसजोड़ा के हर उस स्थान पर गए जहां कोल सचिव निरीक्षण करेंगे।सीएमडी ने इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता असलम मंसूरी और राजकुमार महतो से बात भी की। दोनों ने बताया कि बेलगढ़िया नहीं जाने का मुख्य कारण रोजगार है।

## यार्ड में खड़ी पैसेंजर ट्रेन की बोगी में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** धनबाद के पाथरडीह रेलवे स्टेशन यार्ड में खड़ी पैसेंजर ट्रेन गुरुवार को अचानक धू धूकर जलने लगी। उदर, ट्रेन को जलता देख कर्मियों ने अपने स्तर पर आग को बुझाने का अथक प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। आग को बेकाबू होता देख रेलवे और दमकल विभाग को सूचना दी गई। उधर, सूचना पाते ही स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने की कोशिश जारी थी। आग किन कारणों से ट्रेन की खाली बोगी में लगी इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। वहीं मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारी फिलहाल कुछ बोलने से इंकार कर रहे हैं।

## 26 सूत्री मांग को लेकर बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय कार्यालय पर झाकोमयू का प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/अलकडीहा।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन (झाकोमयू) केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर 26 सूत्री मांग को लेकर मजदूरों ने गुरुवार को बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। लोदना क्षेत्रीय कार्यालय पर यूनियन नेता अशोक सिंह, कन्हाई सिंह एवं उमा प्रसाद के नेतृत्व में संगठित, असंगठित मजदूरों और रैयतों से जुड़ी 27 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन व धरना दिया गया। करीब चार घंटे तक प्रदर्शन जारी रहा। यूनियन के केंद्रीय सचिव युधेश्वर सिंह ने कहा कि बीसीसीएल कि सभी माइंस झारखंडी किसानों से ली गई जमीन पर चल रही है। पर बीसीसीएल प्रबंधन किसान व रैयतों की उपेक्षा कर सिर्फ अपना विकाश करने में जुटा है। लेकिन झामुमो झारखंड की जमीन और इसके अस्तित्व कि रक्षा करने को लेकर भाजपा के मजदूर और किसान विरोधी मंसूबे को कभी सफल नहीं होने देगी। इस मौके पर असंगठित मजदूर के नेता अशोक सिंह, यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष कन्हाई सिंह, क्षेत्रीय सचिव उमा प्रसाद, दिलीप सिंह व फलारी सिंह का प्रतिनिधिमंडल जीएम के सचिव से मिलकर मांगपत्र सौंपा। दूसरी ओर, झाकोमयू ने ब्लॉक टू क्षेत्रीय कार्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। इसके बाद कोल इंडिया अध्यक्ष के नाम पर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया।

वृक्ष व जंगल नष्ट करने की शिकायत पर पीएमओ गंभीर, दिए जांच के आदेश

## बासदेवपुर कोलियरी पहुंची धनबाद वन विभाग की टीम, किया निरीक्षण



बासदेवपुर कोलियरी पहुंच कर जांच करते वन विभाग के अधिकारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** सिजुआ क्षेत्र के बासदेवपुर कोलियरी में ओबी से पेड़ और जंगल को नष्ट किये जाने की शिकायत मिलने के बाद पीएमओ गंभीर हो गया है। पीएमओ ने वन विभाग को जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद गुरुवार को जांच करने धनबाद वन विभाग की टीम पहुंची। वन विभाग के प्रभारी वनपाल सुमित प्रमाणिक बांसजोड़ा और बासदेवपुर के बीच झिल्ली ग्राउंड सहित आसपास के जंगल और ओबीआर डंपिंग का निरक्षण किया। करीब दो घंटे तक मुआयना के बाद कहा कि रिपोर्ट विभाग को सौंपेंगे। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। इस समय जांच चल रहीं है। जांच पूरी होने के बाद पीएमओ को भेजा जायेगा। बताया जा रहा है कि लोयाबाद के अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार की शिकायत पर पीएमओ ने संज्ञान लेते हुए वन विभाग को जांच का आदेश दिया है। रत्नेश ने जून में पीएमओ को एक पत्र भेजा था, जिसमें बासदेवपुर कोलियरी के तत्कालीन परियोजना पदाधिकारी सतेंद्र सिंह और संजय नामक आउटसोर्सिंग कंपनी पर उत्खन्न का ओबीआर डंपिंग से पेड़ और जंगल नष्ट करने आरोप लगाया गया था। पीएमओ के संज्ञान के बाद धनबाद डीएफओ ने 11 दिसंबर को जांच कमेटी गठित किया था। जिसका पत्रांक संख्या 8305 है। इधर वन विभाग की जांच से बीसीसीएल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। डीएफओ की टीम जब जांच करने पहुंची तो रत्नेश कुमार को भी वहां बुलाया गया था।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST|BASIC|B.SC. BASIC|B.SC.|M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS|DMLT|ECG X-RAY|OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

# अवधेश राय हत्याकांड एक बार फिर से चर्चा में

# गैंगस्टर एक्ट में माफिया मुख्तार को 10 साल की जेल

**अजय राय बोले- न्यायपालिका को धन्यवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी में 31 साल पहले चर्चित अवधेश राय हत्याकांड एक बार फिर से चर्चा में है। बांदा जेल में बंद बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह को गाजीपुर की एमपी-एमलए कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के 26 साल पुराने मामले में 10 साल की सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसे लेकर अवधेश राय के भाई एवं कांग्रेस नेता अजय राय ने गुरुवार को वाराणसी में न्यायपालिका का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज गाजीपुर न्यायालय ने मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई। मेरे बड़े भाई अवधेश राय हत्याकांड के बाद गैंगस्टेर एक्ट का मुकदमा लगाया गया और अब उसे 10 साल सजा सुनाई गई है। साथ ही पांच लाख रुपये का जुर्माना लगा है। निश्चित तौर पर यह मामला काफी पुराना है। हम लोग काफी दिन से आस लगाये थे कि जल्द से जल्द फैसला आयेगा। 26 साल मुकदमा चला। आज न्यायपालिका ने सजा सुनाई है। इसके लिए मैं न्यायपालिका को हृदय से धन्यवाद देता हूं।



## 1996 में दर्ज हुआ था मुकदमा

गैंगस्टर एक्ट का यह मामला 1991 में वाराणसी में अवधेश राय हत्याकांड के बाद मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह पर गाजीपुर की सदर कोतवाली में 1996 में दर्ज हुआ था। तब मुख्तार अंसारी पर 1991 में अवधेश राय हत्याकांड, गाजीपुर कोतवाली क्षेत्र में तत्कालीन एडिशनल एसपी पर गोली चलाने के अलावा कुछ अन्य मामलों को लेकर कुल पांच चार्ज लगे थे। इन पांच में दो वाराणसी, दो गाजीपुर और एक चंदौली में हुए केस थे। 1996 में ये केस दर्ज हुए थे। 26 साल के बाद गुरुवार को कोर्ट ने मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह को दोषी करार देते हुए 10 साल जेल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच लाख का जुर्माना भी लगाया है।

## अवधेश राय हत्याकांड में फैसले का इंतजार

तीन अगस्त 1991 को अवधेश राय वाराणसी के लहुराबीर स्थित अपने घर के सामने थे। तभी उन पर हमला हुआ और पूरा शरीर गोलियों से छलनी कर दिया गया था। उनके भाई पूर्व मंत्री अजय राय ने इस मामले में चेतगंज थाने में मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, भीम सिंह, कमलेश सिंह और राकेश समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। 31 साल पुराना यह मामला अदालत में अभी विचाराधीन है।

# वेदांता एल्यूमिनियम ने वित्त वर्ष 2022 के लिए अपनी सतत विकास रिपोर्ट 'एक्सीलरेटिंग टू नेट जीरो' की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली वेदांता एल्युमिनियम ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अपनी सतत विकास (एसडी) रिपोर्ट का अनावरण किया, जिसका शीर्षक 'एक्सीलरेटिंग टू नेट जीरो' है। रिपोर्ट में स्थिरता के प्रमुख आयामों जैसे कि आर्थिक प्रदर्शन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा प्रबंधन, वायु गुणवत्ता और उत्सर्जन नियंत्रण, जल प्रबंधन, जैव विविधता प्रबंधन, अपशिष्ट से धन, सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, लोगों के लिए कंपनी के प्रदर्शन को समझाया गया है। उत्कृष्टता, सामुदायिक कल्याण, आदि। वेदांता एल्युमीनियम ने जलवायु परिवर्तन पर अपनी पहली रिपोर्ट भी लांच की है, जिसका शीर्षक 'रोड टू नेट जीरो कार्बन' है, जो जलवायु से संबंधित वित्तीय प्रकटीकरण या टीसीएफडी ढांचे के लिए टास्कफोर्स से जुड़ी है। रिपोर्ट के माध्यम से, कंपनी का लक्ष्य अपने हितधारकों को जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में व्यवसाय से संबंधित अवसरों, जलवायु प्रबंधन रणनीतियों, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन के बारे में सूचित करना है। दोनों रिपोर्ट्स को कंपनी की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। वेदांता लिमिटेड के एल्युमिनियम बिजनेस के सीइओ राहुल शर्मा ने रिपोर्ट्स लांन करते हुए कहा, हमें वित्त वर्ष 2021-22 के लिए वेदांता एल्युमीनियम की सतत विकास रिपोर्ट और टीसीएफडी रिपोर्ट लांच करते हुए खुशी हो रही है।

# संबलपुर मंडल में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल में 08 दिसंबर से 14 दिसंबर-2022 तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। सप्ताह के दौरान मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों और विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा संरक्षण के नारों के साथ बैनर, स्टीकर, पोस्टर प्रदर्शित कर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर 14 दिसंबर 2022 को ऊर्जा संरक्षण पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), संबलपुर, जे.महंत ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की और ऊर्जा संरक्षण के महत्व और विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों के बारे में विस्तार से बताया। संगोष्ठी में विद्युत (सामान्य) विभाग के वरिष्ठ अनुभाग अभियंताओं, कनिष्ठ अभियंताओं और कर्मचारियों ने भाग लिया।

पूर्व मध्य रेल
शुद्धि पत्र
शुद्धि पत्र सं. डब्लयु584 / ई-टेंडरिंग / 187-192/ DHN/2022-23, धनबाद, दिनांक: 13/12/2022
(1) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई – निविदा सं. 187-DHN-2022-23, 188-DHN-2022-23, 191-DHN-2022-23 एवं 192-DHN-2022-23, दिनांक 06.12.2022 में ई – निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख को क्रमशः 28.12.2022 एवं 29.12.2022 के बदले में 29.12.2022 एवं 30.12.2022 पढ़ा जाये।
(2) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई – निविदा सं. 189 – DHN- 2022 – 23 एवं 190-DHN-2022-23, दिनांक 06.12.2022 को प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है। ई – निविदा सं. 187-DHN-2022-23, 188-DHN-2022-23, 191-DHN-2022-23 एवं 192-DHN-2022-23, दिनांक 06.12.2022 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तो में कोई बदलाव नहीं होगी।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/धनबाद
पीआर/1675/डीएचएन/ईएनजी./सी/22-23/28

उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Regd. Under Health Education & Family Welfare Department Govt. of Jharkahnd Recognised by Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : KOLHAN UNIVERSITY Chaibasa, Jharkhand.
D. C. ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Course: B. PHARMA (Bachelor in Pharmacy)
Duration : 4 Yrs • Eligibility: 10+2 with PCB / PCM
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2022-23
For more details Contact:
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur.
Cont. 9334635208, 9472786354
BUS & Hostel Facility AVAILABLE

# भुवनेश्वर से भद्रक और धमारा पोर्ट के बीच पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया

**महाप्रबंधक श्री सुनकर ने भुवनेश्वर से भद्रक और धामरा पोर्ट कंपनी लिमिटेड (डीपीसीएल) साइडिंग के विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया और विभिन्न समस्याओं के बारे में पूछताछ की।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने भुवनेश्वर से भद्रक और धमारा पोर्ट तक विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया और पोर्ट को बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधायें प्रदान करने के लिए भद्रक और धमारा के बीच विभिन्न भीर्तिभूमि कार्यों की समीक्षा किी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओड़िशा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और राज्य में चल रहे विभिन्न परियोजना कार्य उनकी निरंतर निगरानी और प्राथमिकता में हैं। रेल मंत्री के निदेर्शानुसार सुनकर ने भद्रक रेलवे स्टेशन और स्टेशन पर विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक श्री सुनकर ने भुवनेश्वर से भद्रक और धामरा पोर्ट कंपनी लिमिटेड (डीपीसीएल) साइडिंग के विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया और विभिन्न समस्याओं के बारे में पूछताछ की। डीपीसीएल पूर्व तट रेलवे के साथ कोयला, चूना पत्थर, उर्वरक, लौह अयस्क इत्यादि सामग्री की लोडिंग करता है। यात्रा के दौरान, सुनकर ने धामरा पोर्ट कंपनी लिमिटेड (डीपीसीएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशांत कुमार मिश्र और डीपीसीएल के अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। भद्रक रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान, श्री सुनकर ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे यात्रियों को प्रदान की जाने वाली मौलिक सुविधाओं और आवश्यकता पर ध्यान दें ताकि यात्रियों को सुविधा हो। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न परियोजनाओं को जल्द पूरा करने पर ध्यान देने की सलाह दी। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ रिंकेश रॉय मंडल रेल प्रबंधक खुर्दा रोड और मुख्यालय और खुर्दा रोड मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी थे।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना जनवरी से शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रा योजना अगली जनवरी से शुरू होगी। इसके अनुसार राज्य सरकार ने संभावित तीर्थयात्रियों की योग्यता और योजना की सुविधा के अवसरों की घोषणा की है। इस वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत राज्य सरकार देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों की मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान कर रहे है। यह योजना भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आइआरसीटीसी) के सहयोग से पर्यटन विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक जो शारीरिक और मानसिक रूप से फिट हैं, ओड़िशा पर्यटन विभाग की वेबसाइट से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वे व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्याम से जिला पर्यटन अधिकारी को 29 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आयकर देने वाले वरिष्ठ नागरिक इस योजना के अंतर्गत नहीं आयेंगे। उपयुक्त आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित जिला पर्यटन अधिकारी लॉटरी के माध्यम से तीर्थयात्रियों का चयन कर आवश्यक जानकारी से अवगत करायेंगे। इस साल 5 ट्रेनें ब्रह्मपुर, बालेश्वर, भुवनेश्वर, रायगड़ा और संबलपुर से विभिन्न तीर्थ स्थलों के लिए चलेंगी। इसके लिए निर्धारित किये गये पांच तीर्थ सर्किट ब्रह्मपुर से रामेश्वरम-मदुराई, बालेश्वर से हरिद्वार-रूसीकेश, भुवनेश्वर से अजमेर-पुष्कर, रायगडा से तिरूपति-वेल्लोर-श्रीकलाहस्ती और संबलपुर से सिरीडी-नासिक-त्र्यंबकेश्वर हैं। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक ओडिशा पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

## पूर्व तट रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 49वीं बैठक

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 49वीं संयुक्त बैठक महाप्रबंधक आरएन. सुनकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खोरधा रोड, संबलपुर एवं वाल्टेयर मंडल के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, मंचेश्वर सहित सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री सुनकर ने रेलकर्मियों से अपने दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने यह सलाह भी दी कि हिंदी में प्रशिक्षित कर्मचारियों को अधिक से अधिक राजभाषा में काम करना चाहिए। इस अवसर पर श्री सुनकर ने हिन्दी के महान साहित्यकारों के प्रेरणादायक उद्धरणों से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने राजभाषा के कार्यान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए खोरधा रोड, वाल्टेयर और संबलपुर मंडलों को भी बधाई दी। हिन्दी साहित्यकारों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य राजभाषा अधिकारी और प्रधान वित्तीय सलाहकार, आरएस. मित्रा ने रेलकर्मियों से कहा कि वे राजभाषा नीति को लागू करने में अपना सहयोग दें। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी और उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (सामान्य), देबराज नायक ने स्वागत भाषण दिया। येलीना पांडा, राजभाषा अधिकारी ने बैठक का समंवयन किया।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी) BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे...

# ओड़िशा में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की मांग को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नयी दिल्ली राज्य के बीजेपी सांसद ने ओड़िशा में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की मांग को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। राज्य के बीजेपी सांसदों ने केंद्र स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडव्य से इस संबंध में आवश्यक हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। बाद में केंद्र स्वास्थ्य मंत्री ने इस योजना को लागू करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखकर अनुरोध करने का वादा किया है। केंद्र मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ट्वीट कर कहा कि इस योजना में प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सेवा प्रदान करने का प्रावधान है। देश के 20 राज्यों में इस योजना सहित राज्य सरकार की अपनी स्वास्थ्य योजना समानांतर रूप से लागू की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप लगभग 75 करोड़ हिताधीकारी इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। राज्य में इसे लागू नहीं होने के कारण, ओडिशा के बाहर काम करने वाले लगभग 1 करोड़ लोगों सहित 4.54 करोड़ ओड़िशा निवासी आयुष्मान भारत योजना के लाभों से वंचित हैं। हालांकि, उन्होंने ट्वीट किया कि यह बड़ी चिंता का विषय है कि ओडिशा सरकार राज नैतिक महत्वाकांक्षाओं के कारण आयुष्मान भारत को लागू करने को तैयार नहीं है और इससे 4.5 करोड़ लोग वंचित हो रहे हैं।

समस्या है तो.... समाधान भी है
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**